# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड...मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!

# सुल्तानपुरी फ्लाईओवर के शुरू होने से जाम से मिलेगी निजात : शैली

## मेयर ने सुल्तानपुरी अंडरपास का उद्घाटन कर जनता को किया समर्पित

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने नेता सदन मुकेश गोयल के साथ सुल्तानपुरी अंडरपास का उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दिया है। एमसीडी की आप सरकार बनते ही 13 साल से अटके पड़े सुल्तानपुरी अंडरपास का काम पांच माह में पूरा हो गया है। अंडरपास को जनता के लिए शुरू किए जाने से लोगों को होने वाली दिक्कतें खत्म होंगी और लंबे जाम से भी निजात मिलेगी।

इस अवसर पर मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि एमसीडी में आप सरकार बनते ही सुल्तानपुरी फ्लाईओवर और अंडरपास को पूरा करने पर फोकस किया गया। इससे सुल्तानपुरी के आसपास रहने वाले लाखों लोगों को मदद मिलेगी। अंडरपास के निर्माण के बाद अब सुल्तानपुरी फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को पूरा करने पर फोकस करेंगी। इसके लिए संबंधित लोगों से मिलेंगी। एक से दो माह के भीतर फ्लाईओवर के निर्माण की दिशा में आने वाली सभी समस्याओ को भी हल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में तेजी से निगम की योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फ्लाईओवर का भी कार्य जल्द पूरा किया जाए। अब निगम के सभी अटके पड़े प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। लोगों को अब और परेशानी नहीं होने देंगे। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में लोगों से जो वादे किए गए थे, उन्हें एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। भाजपा 13 साल में भी सुल्तानपुरी अंडरपास के काम को पूरा करने में नाकाम रही। लेकिन निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार ने महज 5 माह में इसे पूरा कर दिया है। इसकी वजह एमसीडी में साफ नियत और ईमानदार सरकार का होना है। जिस तरह सुल्तानपुरी अंडरपास के प्रोजेक्ट को पूरा किया है, ठीक उसी तरह बाकि के अटके प्रोजेक्ट को भी जल्द पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विधायक रघुविंदर शौक़ीन, पार्षद मुकेश अहलावत, दौलत पवार, संतोष और बॉबी भी मौजूद थे। अंडरपास के शुरू होने से सुल्तानपुरी, रोहिणी, नांगलोई, किराड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।



**पांच माह में पूर्ण हुआ 13 साल से अटके सुल्तानपुरी अंडरपास का काम : शैली ओबरॉय**

### अंडरपास में सौंदर्यीकरण का काम भी किया गया

अंडरपास निर्माण के दौरान सौंदर्यीकरण का काम भी किया गया है। अंडरपास की डायाफ्राम दीवार पर पेंटिंग, आर्ट का कार्य किया गया है। इससे अंडरपास से निकलने वाले लोगों को अच्छा फील होगा। इसके साथ ही अंडरपास में पौधारोपण किया गया है। अंडरपास के बीच में पौधारोपण के साथ-साथ गमले भी लगाए गए हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पॉजीटिव एनर्जी भी मिलेगी।

# सांसद ने बच्चों को कीं गणेश मूर्तियां वितरित

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रीन इंडिया चैलेंज के प्रमुख और सांसद जे संतोष कुमार ने कहा कि जब हमारा संकल्प उल्लेखनीय होगा तो लोगों की प्रतिक्रिया जबरदस्त होगी। ग्रीन इंडिया के बैनर तले, संतोष ने आज कुकटपल्ली



में केबीएचबी कॉलोनी के चरण-6, नेक्सस हैदराबाद मॉल में बच्चों को गणेश मूर्तियां वितरित कीं। संतोष ने कहा कि चूंकि बच्चे गणेश उत्सव को पसंद करते हैं, इसलिए ग्रीन इंडिया चैलेंज ने पर्यावरण संरक्षण के एक महान उद्देश्य के साथ चार साल पहले भक्तों को गणेश मूर्तियों का वितरण शुरू किया। इस बड़ी पहल को लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और बच्चे अधिक मूर्तियों की मांग कर रहे हैं। संतोष ने कहा कि यह बहुत खुशी का अवसर है कि बच्चों ने गणेश मूर्ति वितरण कार्यक्रम में भाग लिया और ग्रीन इंडिया चैलेंज द्वारा उठाए गए इतने बड़े सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। ब्लॉकबस्टर पुष्पा फिल्म द्रुवन के बाल कलाकार ने कहा, मैं मूर्तियों के वितरण कार्यक्रम में भाग लेकर बहुत खुश हूं। मैं बेहद प्यारे गणेश उत्सव की पूर्व संध्या पर बीज वाली गणेश मूर्तियों के वितरण से बहुत प्रेरित हूं।

# जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का श्रेय लेना चाहती हैं महापौर : इकबाल

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी की महापौर द्वारा जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर दिए गए बयान प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि महापौर ने इस संबंध में अधिकारियों के साथ आज तक कोई बैठक नहीं की है और ना ही कभी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल महोदय लगातार अधिकारियों के साथ जमीनी स्तर पर तैयारियों का जायजा लेते रहे और उन्हीं की देख रेख में सभी तैयारियां पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि आज यदि दिल्ली सजी संवरी नजर आ रही है तो उसका पूरा श्रेय उप राज्यपाल महोदय को जाता है जिनके नेतृत्व में सभी अधिकारियों ने कार्य किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली जी-20 के लिए सफ़ाई व्यवस्था जिन मशीनों द्वारा की जा रही है वो सभी मशीनें भाजपा के कार्यकाल में भारत सरकार के आवास व शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। जी-20 सम्मेलन के लिए जगह जगह जो पौधे लगाए गए हैं वो पौधे निगम की हाईटेक नर्सरी से आए हैं जिसका निर्माण उपराज्यपाल महोदय के दिशा निर्देशानुसार किया गया था। इसके साथ ही दिल्ली में शहीदी पार्कों का निर्माण हो या अन्य पार्कों का सौंदर्यीकरण हो ये सभी उपराज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार किए गए हैं वो समय समय पर निगम अधिकारियों के साथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते रहते थे।



उन्होंने बताया कि जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर आज दिल्ली की सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखने का कार्य जो सफाई कर्मचारी कर रहे हैं वो भाजपा के कार्यकाल के दौरान पक्के किए गए थे आम आदमी पार्टी ने अभी तक एक भी कर्मचारी को पक्का नहीं किया है। वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी सफाई कर्मचारियों को निलंबित करने का कार्य कर रही है ताकि इन कर्मचारियों का मनोबल टूट जाए और दिल्ली की सफाई व्यवस्था खराब हो जाए।

## सार संक्षेप

### स्वराज ने ट्रैक्टर्स की नई रेंज लॉन्च की




**नई दिल्ली।** देश में तेजी से बढ़ता ब्रांड और महिंद्रा ग्रुप का हिस्सा, स्वराज ट्रैक्टर्स ने सोमवार को 40 से 50 एचपी श्रेणी में ट्रैक्टरों की नई रेंज पेश की। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के प्रति समर्पण के साथ, यह रेंज इस सेगमेंट में प्रदर्शन के नए मानक स्थापित करती है। ये ट्रैक्टर नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकी के साथ सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर विजय पाने के लिए बेजोड़ शक्ति, विश्वसनीयता और स्टाइल की पेशकश करते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर के प्रेसिडेंट, हेमंत सिक्का ने इस अवसर पर कहा कि इस नई ट्रैक्टर रेंज के माध्यम से, हम बेहतर मशीनीकरण के लिए नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकी की पेशकश कर रहे हैं। यह रेंज भारतीय कृषि और किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने और कम मेहनत करके विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाती है। हरीश चव्हाण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वराज डिवीजन, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, ने कहा कि इस नई ट्रैक्टर रेंज के साथ, हम मौलिक क्षमता, विश्वसनीयता को बढ़ाकर और भविष्य की कृषि यंत्रीकरण आवश्यकताओं के लिए इसे तैयार करके ब्रांड को भविष्य में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदर्शन से परे, यह नई रेंज उभरते अनुप्रयोगों के लिए आराम, बहुपयोगिता पर जोर देती है और इसकी आधुनिक लेकिन प्रामाणिक स्टाइल ग्राहकों को आकर्षित करने वाली है।

### निगम ने बकाया संपत्ति कर न चुकाने पर संपत्तियों को सील किया

**नई दिल्ली।** संपत्ति कर बकाएदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए, दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में स्थित चार संपत्तियों को सील कर दिया है। इन चारों संपत्तियों पर 1 करोड़ रुपये से अधिक का संपत्ति कर बकाया था। आज चले अभियान के तहत नजफगढ़ जोन के महिपालपुर क्षेत्र में 2 गेस्ट हाउस और शाहदरा साउथ जोन के गांधीनगर क्षेत्र में 2 व्यावसायिक संपत्तियों को सील कर दिया गया है। बकाया राशि का भुगतान करने के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, संपत्ति मालिक 2004-05 से 2022-23 की अवधि के लिए बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने में विफल रहे।

### आईजीआई एयरपोर्ट पर सोने के पेस्ट के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से एक व्यक्ति को 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सोने के पेस्ट की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 2 सितम्बर को मुंबई से आईजीआई हवाई अड्डा पहुंचा। सोने की तस्करी की विशेष जानकारी के आधार पर उसे निवारक सीमा शुल्क (शिफ्ट) कार्यालय ले जाया गया। जहां उसकी तलाशी ली गई। एक अधिकारी ने कहा कि पूरी तरह से व्यक्तिगत तलाशी और सामान की जांच करने पर काले रंग के चिपकने वाले टेप से लिपटे तीन अंडाकार आकार के कैप्सूल मिले, जिसमें रासायनिक पेस्ट के रूप में सोना ले जाया जा रहा था। एक काले रंग के मोजे के अंदर कुल 1183 ग्राम वजन का सोना छिपाया गया था। 1183 ग्राम सोने के पेस्ट से 1008 ग्राम सोना निकाला गया, जिसकी कीमत 53,02,614 रुपए है। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सोने की वस्तु को पेस्ट के रूप में मुंबई से दिल्ली लाया था।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव में शीश के दानी लीला का किया गया मंचन

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। रोहिणी स्थित जापानी पार्क में श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित षष्टम् श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2023 में गीता ग्रुप ऑफ आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत लीला शीश के दानी की संपूर्ण नृत्य नाटिका ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। लीला का संक्षिप्त वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के वरदान के अनुसार राजस्थान के खाटू नामक स्थान पर राजा को सपने में श्री कृष्ण ने दर्शन दिए तथा उनके पावन शीश को निकालकर उसे खाटू में प्रतिष्ठित करने का आदेश दिया।

आज उसी स्थान पर खाटू श्याम जी की पूजा होती है और दूर दूर से श्रद्धालु दर्शनों के लिए आते हैं। लीला में सुनाए भजन जहां दिया था शीश का दान, वह भूमि है कुरुक्षेत्र धाम पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन हरीश शर्मा, वाइस चेयरमैन संजय मित्तल, चेयरमैन कंट्रोल बोर्ड जय किशन बंसल, प्रेसिडेंट अमित गोयल, वाइस प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, महामंत्री अरविंद गोयल, कोषाध्यक्ष सीए नितेश गोयल सहित समिति के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति के चेयरमैन हरीश शर्मा ने बताया कि साठ कलाकारों से सजी अंतरराष्ट्रीय नृत्य नाटिका, ध्वनि व प्रकाश से आयोजित नृत्य नाटिका लीला शीश के दानी को लोगों ने काफी आकर्षित किया साथ ही बाबा श्याम की कथा का भी लोगों भरपूर आनंद लिया। उन्होंने यह भी बताया की लोग विभिन्न जगहों से हमारी जन्माष्टमी को देखने आ रहे हैं।

हमने लॉन न.1 के बाहर सैकड़ों गाडियों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था भी है, लॉन में जगह जगह एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है, जिससे लोग कार्यक्रम देख सके।






■ नई दिल्ली के एनएच-48 पर धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के सामने रोड ट्राई जंक्शन पर आदमकद विघ्नहर्ता की मूर्ति का अनावरण के दौरान उपस्थित केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी। साथ में हैं दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना व अन्य। फोटो इम्तियाज खान

# उपराज्यपाल से मिलने गए दो लोग गिरफ्तार

**खुद को बता रहे थे सरकारी अधिकारी**

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। खुद को सरकारी अधिकारी बताकर दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मिलने की कोशिश करने पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उनमें से एक ने खुद को आईएएस अधिकारी बताया था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान ओडिशा निवासी अभिमन्यु सेठी 41 और दिल्ली के गोकल पुरी निवासी अभिषेक चौधरी 27 के रूप में हुई है। उपराज्यपाल कार्यालय ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और बाद में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों का इरादा वित्तीय लाभ के लिए एलजी के साथ ली गई तस्वीरों का दुरुपयोग करने का इरादा रखते हुए, छद्मवेश के माध्यम से एलजी से मिलने का था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 30 अगस्त को दोपहर करीब 2.30 बजे आरोपी एलजी कार्यालय आया। उनमें से एक ने खुद को आईएएस अधिकारी के रूप में पेश किया और एलजी के साथ पूर्व नियुक्ति होने का दावा किया। सचिवालय कर्मचारियों द्वारा सत्यापन करने पर पता चला कि ये दावे झूठे थे।

# किसी मंत्री ने नहीं बाबू ने किया फोन

## अधीर रंजन ने एक देश, एक चुनाव कमेटी से अलग होने पर दी सफाई

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'एक देश, एक चुनाव' के लिए गठित केंद्र सरकार की कमेटी से खुद को अलग रखने के अपने फैसले पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि कमेटी में शामिल करने की सूचना उन्हें किसी मंत्री ने नहीं बल्कि एक बाबू ने दी थी, वह भी देर रात 11 बजे के बाद फोन आया था।

उल्लेखनीय है कि 'एक देश एक चुनाव' के लिए केंद्र द्वारा गठित आठ सदस्यीय कमेटी में अधीर रंजन को भी शामिल किया गया था। लेकिन चौधरी ने खुद को इस कमेटी से अलग करने की घोषणा कर दी है। यद्यपि सरकार की ओर कहा गया है कि उन्होंने पहले कमेटी में शामिल होने की रजामंदी दी थी। इसी के बाद अधीर रंजन ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त की रात 11 बजे प्रधानमंत्री के निजी सचिव पीके मिश्र ने उनके कार्यालय में फोन किया था।



उन्होंने कहा कि सरकार एक देश एक चुनाव को लेकर कमेटी बनाने जा रही है जिसमें उन्हें शामिल करना चाहती है। चौधरी ने बताया कि उन्होंने उनसे पहले कमेटी से जुड़े सभी कागजात मांगे थे। ताकि उसे देखकर फैसला लिया जा सके। बता दें कि शनिवार को एक देश एक चुनाव को लेकर को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में बनी आठ सदस्यीय कमेटी के सदस्यों के नाम का ऐलान किया गया था।

इसमें गृहमंत्री अमित शाह के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी को सदस्य बनाया गया है।

# झगड़े के बाद व्यक्ति पर भारी पत्थर से हमला, मौत

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में झगड़े के कारण 24 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान शुभम के रूप में हुई। द्वारका के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने कहा कि रविवार रात करीब 9:30 बजे उत्तम नगर में मेट्रो पिलर नंबर-714 के पास झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जब शुभम दो लोगों के साथ एक शराब की दुकान के ऊपर स्थित भोजनालय में था तो उनका प्रधुम्न उर्फ संधू और उसके दोस्त से झगड़ा हो गया। शुभम और उसके दोस्त वहां से चले गए। लेकिन, बाद में प्रद्युम्न और उसके दोस्त ने शुभम पर उस समय हमला कर दिया, जब वह वहीं पास में बैठा था।

**आयोजन** *फैशन डिजाइन शिक्षा पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित*

# फैशन उद्योग के जाने माने लोगों ने की शिरकत

**नई दिल्ली,4 सितम्बर (देशबन्धु)। डिजाइन शिक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता के लिए के प्रसिद्ध प्रतिष्ठित संस्थान जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने हाल ही में प्रतिष्ठित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में एक प्रेरणादायी ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में फैशन उद्योग के जानेमाने लोगों ने शिरकत की जिनमें शामिल थे मशहूर फैशन डिजाइनर ध्रुव वैश्य, बेहद निपुण इंटीरियर डिजाइनर चंद्रिका सहाय तथा मीडिया से मौजूद रहीं फैशन पत्रकार राधिका भल्ला। इनकी उपस्थिति फैशन, इंटीरियर और डिजाइन के उत्साहियों की आगामी पीढ़ी के लिए प्रेरणा व मार्गदर्शन का स्त्रोत बनी।**

इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम ने आकांक्षी फैशन, इंटीरियर व डिजाइन विद्यार्थियों को एक अनमोल मंच मुहैया कराया जहां वे इस उद्योग के निरंतर बदलते परिदृश्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। यहां पर एक गोलमेज चर्चा हुई जिसमें फैशन, इंटीरियर व डिजाइन में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों पर बात हुई, उनकी संभावनाओं पर बल दिया गया जिससे वे घरेलू और वैश्विक पैमानों पर इंडस्ट्री को आकार देने में प्रभावी काम कर सकें। उद्योग से जुड़े अतिथियों ध्रुव वैश्य, चंद्रिका सहाय, राधिका भल्ला और इंस्टीट्यूट की निदेशक अक्षरा दलाल ने जानकारीपूर्ण सत्र के दौरान बहुत सी जानकारियां और अनुभव साझा किए। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की प्रबंध निदेशक रूपल दलाल ने कहा कि हम अपनी जेडी कम्यूनिटी में विद्यार्थियों के नए समूहों की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं और उन्हें सीखने के एक बेहतरीन सफर पर ले जाने के लिए हम उत्साहित हैं। हमारा विशिष्ट पाठ्यक्रम इस क्षेत्र के उत्कृष्ट विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है, इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि विद्यार्थियों को डिजाइन उद्योग के भीतर ऐक्सपोजर एवं अवसरों का उम्दा मिश्रण प्रदान किया जाए। हम डिजानर बनने की आकांक्षा रखने वाले नौजवानों को एक समृद्ध एवं भरपूर शिक्षण अनुभव हेतु शुभकामनाएं देते हैं। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की निदेशक अक्षरा दलाल ने कहा कि इस ओरियेंटेशन प्रोग्राम को आयोजित कर के हम बहुत रोमांचित हैं, इस दौरान इंडस्ट्री के अग्रणी व्यक्तियों ने खुल कर अपने बहुमूल्य अनुभव जज़्बे से भरपूर युवाओं के साथ साझा किए।




**फैशन उद्योग से जुड़े दिग्गजों ने किया अनुभव साझा**

# राजधानी को चमकाने के लिए किए गए सभी प्रयास : सक्सेना

**नई दिल्ली,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने चाणक्य पुरी के कौटिल्य मार्ग पर निर्माण स्थलों और ऑटोमोबाइल अपशिष्ट से बचाए गए स्क्रैप धातु से बनी कलाकृतियों के सार्वजनिक पार्क को जनता के देखने के लिए लोकार्पित किया। पार्क का उद्घाटन करने के बाद सक्सेना ने कहा कि विकास की दिल्ली में बहार आ गई है। राष्ट्रीय राजधानी को चमकाने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह खूबसूरत पार्क उसी दिशा में एक प्रयास है। इस पार्क में जी-20 देशों के पक्षियों की मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। यह पार्क दिल्लीवासियों के लिए एक उपहार है। दिल्ली एक उपेक्षित शहर रहा है और इसे नए विषयों और चीजों के माध्यम से सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है। पालिका परिषद ने ललित कला अकादमी के सहयोग से 9 से 10 सितम्बर, 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में उनकी भागीदारी के सम्मान में जी-20 सदस्यों के जानवरों और पक्षियों की स्क्रैप धातु से बनी 22 कलाकृतियां स्थापित की हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर आधारित कलाकृतियां आगंतुकों के लिए खोली जा रही हैं। ये कलाकृतियां वेस्ट टू आर्ट पहल का सबसे अच्छा उदाहरण हैं।



**उपराज्यपाल ने एनडीएमसी के वेस्ट टू आर्ट पार्क किया लोकार्पण**

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"वर्ष 2018 से हर साल सितम्बर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार अभियान में पोषण से सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेंस विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों जैसे गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जन जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**पूनम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी**

## हापुड़ का सुनिश्चित ढंग से विकास करना होगी प्राथमिकता : डॉ. नितिन गौड़

**हापुड़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने कहा है कि हापुड़ को सुनिश्चित ढंग से विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कार्य में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार रहित व्यवस्था देना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।



एक वार्ता में उन्होंने कहा कि हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण के बारे में उन्होंने फीडबैक लेना शुरू कर दिया है और मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। उन्होंने कहा कि हापुड़ चौकी शहर है और ज्यादातर दे है से जुड़ा हुआ है इसलिए दोनों में सामंजस बैठकर वह क्षेत्र का विकास करेंगे और कोशिश रहेगी। हापुड़ को एक नया रूप दिया जाए।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह अवैध निर्माण पर भी अंकुश लगाने का काम करेंगे। नया अवैध निर्माण बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा जो हो चुका है उसके खिलाफ भी नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रयास किया जाएगा की निर्माण मानचित्र के अनुरूप अनुरूप हो भ्रष्टाचार रहित व्यवस्था देने का वह हर संभव प्रयास करेंगे।

**नगर आयुक्त विक्रमादित्य ने कार्यभार संभाला**

# सामुदायिक सुविधाओं के लिए की जाएगी हर संभव कोशिश : विक्रमादित्य



■ परिचय बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश








**गाजियाबाद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नवनियुक्त नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने सोमवार की शाम को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से कहा कि वह सामुदायिक सुविधाओं में एक ठोस प्लानिंग बनाकर बेहतरीन बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जी 20 को लेकर किए जाने वाली व्यवस्था में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कूड़े का निस्तारण वैज्ञानिक विधि से करने के लिए काम किया जाएगा। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि उनका फोकस यह होगा कि नगर निगम से जनता को उपलब्ध कराए जाने वाली 33 सेवाओं में सुधार हो। इसके लिए महापौर तथा पार्षदों के साथ मिलकर ठोस रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा। कूड़ा निस्तारण में कहां कमी हो रही है उसमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बनारस में संयुक्त निगम आयुक्त रहते हुए नगर निगम में काम किया था वहां का तजुर्बा भी वह इस्तेमाल करेंगे और बेहतर ढंग से काम करेंगे। नगर नाम की आय बढ़ाने के लिए भी विशेष तौर पर कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह कहा कि शहर की जरूरत के हिसाब से कल्चरल एक्टिविटीज व स्पोर्ट्स के लिए खासतौर पर काम किया जाएगा। कुछ प्रोजेक्ट इस पर बनाए जाएंगे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव दिए जाएंगे। इस मौके पर निवर्तमान नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि गाजियाबाद से उन्हें बहुत सहयोग मिला है और उन्होंने बेहतर से बेहतर कार्य किया है। इसके बाद नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ परिचय बैठक की और उन्हें दिशा निर्देश भी दिए। परिचय बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, डॉ. अनुज कुमार सिंह, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, जीएम जल आनंद त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सिविल फरीद जैदी, मुखय निर्धारण अधिकारी संजीव सिंहा, कविनगर जोन प्रभारी सुनील राय, सिटी जोन प्रभारी असीम प्रमुख रूप से शामिल रहे। उधर अपर नगर आयुक्त अरुण यादव व अन्य अधिकारियों, नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र जाट व में अन्य पदाधिकारी ने बुके देकर नगर आयोग का स्वागत किया।

## समाधान दिवस में नामांतरण के 1397 मामलों का निस्तारण

**गाजियाबाद।** जनहित पोर्टल के अंतर्गत ऑनलाइन दर्ज कराए गए नामांतरण के मामले सोमवार को जीडीए के सभागार में आयोजित समाधान दिवस में निस्तारित किए गए कुल 1397 मामलों का निस्तारण किया गया है। आज कुल तीन नए प्रकरण आये जिनका निस्तारण कर दिया गया। इस संबंध में जीडीए प्रवक्ता ने बताया कि जनहित पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त संपत्ति नाम पर नामांतरण, रिफंड, डुप्लीकेट आर्डर, फ्रीहोल्ड से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सभागार में सोमवार को समाधान दिवस लगाया गया।

**सार** संक्षेप

### फर्जी निकला छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली बीए की छात्रा द्वारा चार युवको पर लगाए गए सामूहिक दुष्कर्म का मामला फर्जी निकला है। पुलिस द्वारा युवती व उसके परिजनो से अलग-अलग की गई पूछताछ के बाद मामले की सच्चाई सामने आई। पुलिस को एक नामजद व तीन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट मे तीन अज्ञातो की कोई मौजूदगी ही नहीं मिली है। वहीं छात्रा द्वारा दुष्कर्म की घटना कार में किये जाने की पुष्टि भी पुलिस की प्रारंभिक जांच में नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर मे क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक युवक व उसके तीन साथियो पर उसकी पुत्री को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने आनन फानन में तहरीर में नामजद आरोपी व उसके तीन अज्ञात साथियो के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज का दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। वहीं सोमवार को एसपी देहात बजरंगबली चौरसिया ने छात्रा से दोबारा पूछताछ की। पूछताछ के दौरान छात्रा व उसके परिजनो द्वारा बनाई गई कहानी की पोल खुल गई और वह अपने ही जाल में फंस गई जिसके बाद छात्रा ने पुलिस को सारी घटना की सच्चाई बता दी।

### साइंस-20 सम्मेलन में पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के सहयोग से 'नवाचार व सतत विकास के लिए विघटनकारी विज्ञान' विषय पर साइंस-20 (एस 20) सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान ने किया। दरअसल, एस 20, जी 20 के अंतर्गत सहभागिता समूहों में से एक है। जिसका उद्देश्य विज्ञान और समाजिक विकास को बढ़ावा देने के माध्यम से जी 20 के एजेंडे को पूरक बनाना है। एस 20 सम्मेलन में तीन कार्यक्षेत्रों में विस्तार से चर्चा की जाती है। जिसमें पहला हरित भविष्य के लिए स्वच्छ उर्जा, दूसरा सार्वभौमिक समग्र स्वास्थ्य और तृतीय समाज व संस्कृति के लिए विज्ञान।

### लिफ्ट बनाने वाली कंपनी में लगी आग, लाखों का नुकसान

**नोएडा।** फेज 1 कोतवाली के क्षेत्र में स्थित सेक्टर-3 में लिफ्ट बनाने वाली फैक्ट्री में देर रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। जब आग लगी उस समय फैक्ट्री बंद थी, जिसके कारण किसी जनहानि या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन काफी समान जल कर खाक हो गया। सेक्टर-3 नोएडा में लोकपाल इंडस्ट्रियल फैक्ट्री जो लिफ्ट बनाने का काम करती है, उसमें देर रात अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने इसकी सूचना फायर स्टेशन को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि देर रात करीब सवा 12 बजे सेक्टर-3 में स्थित लोकपाल इंडस्ट्रीज में आग लगने की सूचना मिली। फायर स्टेशन के नजदीक सेक्टर 3 में होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियां जल्दी ही मौके पर पहुंच गईं और लगभग 7 गाड़ियों की मदद से इस आग पर एक घंटे की भारी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया।

## रेरा ने आवंटी को देरी के लिए ब्याज व यूनिट पर दिलाया कब्जा

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उप्र रेरा कंसिलिएशन फोरम के प्रयासों से प्रोमोटर 'मेसर्स एटीएस रियल्टी प्रालि' की ग्रेटर नोएडा स्थित 'एटीएस एलयोर' परियोजना के एक आवंटी 'नेहा त्यागी व आशुतोष त्यागी' को कब्जा मिलने में हुई देरी के लिए ब्याज सहित उनकी इकाई का कब्जा प्राप्त कराया गया। दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से हुए समझौते के अनुसार आवंटी को तय तिथि से 6 साल बाद इकाई का कब्जा मिला। कब्जे में विलम्ब के कारण प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि का समायोजन प्रोमोटर की अंतिम बकाया राशि में कराया गया। ये करीब 5 लाख रुपए है। ऐसे में कब्जा के लिए आवंटी को महज 56 हजार का भुगतान करना पड़ा।

'एग्रीमेन्ट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी ने प्रोमोटर की परियोजना में वर्ष 2013 में एक इकाई बुक की थी। लगभग 40 लाख की लागत वाले दोनों इकाइयों के लिए आवंटी ने शत प्रतिशत भुगतान कर दिया था। जिसका कब्जा मार्च 2017 में प्राप्त होना था। लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने, अंतिम मांग राशि व विलंबित अवधि के ब्याज का समाधान न प्राप्त होने पर आवंटी ने 2022 में उ.प्र. रेरा में शिकायत दर्ज करके कन्सिलीएशन फोरम के माध्यम से समाधान की मांग की थी। कंसिलिएशन फोरम ने शुल्कों की गणना करते हुए आवंटी की मांग के अनुसार प्रोमोटर को प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। प्रोमोटर से प्राप्त प्रस्ताव का आवंटी ने अवलोकन कर अपनी सहमति दी थी जिसके उपरान्त दोनों पक्षों ने समझौता कर विवाद समाप्त कर लिया और समझौते की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय, उ.प्र. रेरा में जमा करवा दी।

## जमीन की पैमाइश नहीं कराने पर बिल्डर साइट पर किसानों का हंगामा, बिल्डर ने कहा गुंडागर्दी

- ■ सेक्टर-142 स्थित धरना स्थल पर महापंचायत में किसान भड़के
- ■ बिल्डर साइट पर तालाबंदी के लिए पुलिस से हुई झड़प, धक्कामुक्की
- ■ शहदरा गांव में किसानों ने की महापंचायत, बिल्डर साइट से कामगारों को भगाया

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-142 में शहदरा गांव के किसान उस समय भड़क गए जब वह प्रदर्शन करते हुए भूटानी ग्रुप-108 के परिसर में घुसने लगे। किसान परियोजना पर तालाबंदी करना चाहते है। मौजूद पुलिस बल ने किसानों को बिल्डर परियोजना के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया। इस दौरान आक्रोशित किसानों और पुलिस के बीच जमकर टकराव हुआ, नोंकझोक, झड़प व धक्का के बाद किसान बिल्डर परियोजना का गेट तोड़कर अंदर घुस गए।

इससे नाराज किसानों ने बिल्डर साइट पर हंगामा शुरू कर दिया, बनाई जा रही दीवार का काम रुकवा दिया। वहां काम कर रहे कामगारों को भगा दिया। उधर, किसानों के आक्रोशित होने की सूचना पर आनन फानन में नोएडा प्राधिकरण भूलेख विभाग अधिकारियों ने लेखपाल प्रवेश कुमार दीक्षित को पैमाइश कराने का लिखित पत्र देकर भेजा, जिसके बाद किसानों के आक्रोश को शांत कराया जा सका। बिल्डर प्रवक्ता ने बताया कि प्राधिकरण की गलती से निवेशक परेशान हो रहे है। एक ओर सरकार यूपी इन्वेस्टर्स समिट के जरिये निवेशकों को आकर्षित कर रही है। दूसरी ओर निवेशकों को गुंडागर्दी झेलनी पड़ रही है।

बता दें कि बिल्डर पर चार बीघा जमीन किसान की कब्जा करने का आरोप लगाकर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व शहदरा गांव के किसान 60 दिन धरना देकर बैठे है। प्राधिकरण और प्रशासन से जमीन की पैमाइश कराने की मांग को लेकर अड़े है, लेकिन बार बार आश्वासन के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए सोमवार को धरना स्थल पर किसानों ने महापंचायत बुलाई थी। जिसमें तमाम किसान संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। देर शाम किसान नारेबाजी करते हुए बिल्डर की साइट पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया।

भारतीय किसान यूनियन बलराज राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी व प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण की ओर से लिखित पत्र दिया गया है, जिसमें छह सितम्बर को जिला प्रशासन के सहयोग से जमीन की पैमाइश कराई जाएगी, इसके बाद किसान की जमीन जिस परियोजना में शामिल किया गया है, उसका मुआवजा तय होगा। भूलेख विभाग ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि खसरा नंबर 382, 383, 384 को लेकर जल्द पैमाइश कराई जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों से समय मांगा गया है, जिससे किसान का यह भ्रम खत्म हो सके कि उसकी जमीन कहां पर है।

## एनसीटीआरएस प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मचारियों को दे रहा प्रशिक्षण

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा की आबादी लगातार बढ़ रही है। यहां बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास के लिए नई तकनीकी अध्ययन जरुरी है। इसके लिए नेशनल काउंसिल फॉर ट्रेनिंग एंड सोशल रिसर्च (एनसीटीआरएस) के जरिए प्राधिकरण के विभिन्न विभागों को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग दो दिन चलेगी। इस सेशन में सिविल, विद्युत यांत्रिकी, जल, उद्यान, एनटीसी, जन स्वास्थ्य विभागों में तैनात जनरल मैनेजर, डीजीएम, सीनियर मैनेजर, मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर समेत कुल 120 अभियंताओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसका शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने किया। ये सेशन नोएडा के सेक्टर-91 स्थित पंचयील बालक इंटरकॉलेज में चल रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस सेशन का मुख्य उद्देश्य नोएडा क्षेत्र के निवासियों को उच्च गुणवत्ता की समयानुसार बेहतर अवस्थापना सुविधाएं दिया जाना और विकास को गुणवत्तापरक गति से आगे बढ़ाना है। साथ ही अधिकारियों के कौशल, ज्ञान और क्षमताओं को बढ़ाना है। जिससे वे अपने कर्तव्यों को अधिक प्रभावी ढंग से और कुशलता से करने में सक्षम हो सकें।

### पहले दिन इन बिंदुओं पर हुई ट्रेनिंग

शहर में बारिश के पानी की निकासी के लिए बनाए ड्रेनेज सिस्टम की प्लानिंग कंस्ट्रक्शन। मेजरमेंट बुक क्या है। उसमें लिखना, उसका प्रयोग, उसका फारमेट समेत कई अन्य कार्य।



■ पहले दिन ड्रेनेज सिस्टम, मेजरमेंट बुक, पानी सप्लाई और क्वालिटी मैनेजमेंट के सिखाए गए गुण

पानी सप्लाई का बेसिक ज्ञान क्वालिटी मैनेजमेंट।

### विकास कार्य को टाइम लाइन में पूरा करना

नोएडा में चिल्ला एलिवेटेड, भंगेल एलिवेटेड, गंगा जलपरियोजना समेत कई ऐसे कार्य है जिनको अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। लेकिन तकनीकी कमी के कारण ये पूरे नहीं हो सके। इनके नहीं बनने से साइडफेक्ट भी सामने आने लगे है। जैसे जाम, अव्यवस्था, सेक्टरों में गंगाजल सप्लाई आदि। ऐसे में विकास कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाए जाने, परियोजनाओं को टाइमलाइन के अंदर पूरा करने, उच्च गुणवत्ता की सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण, प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम, जलापूर्ति व्यवस्था आदि कार्यों का समुचित नियोजन व गुणवत्ता प्रबंधन को सिखाया जा रहा है।

# यमुना में नहाने गए जीजा-साला की डूबने से मौत

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-126 के असगरपुर गांव निवासी जीजा-साला यमुना नदी में नहाने के लिए गए थे। काफी देर बाद भी जब दोनों घर वापस नहीं लौटे, तो परिजन व अन्य लोग तलाशने के लिए पहुंचे। इस दौरान यमुना के किनारे उनकी चप्पल और कपड़े देख लोगों ने यमुना में उनकी तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से देररात दोनों के शव बाहर निकाले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

■ नदी के किनारे कपड़े और चप्पल देख कर हुआ शक, गोताखोरो ने बरामद किए शव




पुलिस मीडिया प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि राजकुमार (21) अपने परिवार के साथ थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के गांव असगरपुर में रहते थे। उनके परिवार के साथ ही उनका साला शिवम (18) भी रहता था। दोनों नोएडा में मजदूरी का काम करते थे और मूल रूप से हरदोई के रहने वाले थे। रविवार शाम दोनों ने बैठकर शराब पी थी। इसके बाद दोनों घर पर यमुना में नहाने की बात कह कर चले गए। काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों को यमुना के पास उनकी चप्पल और कपड़े मिले।

इसके बाद ग्रामीण दोनों को तलाश करते रहे। काफी देर तक जब दोनों का कुछ पता नहीं चला, तो घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची सेक्टर-126 थाना पुलिस ने मौके पर गोताखोरों को बुलाया और दोनों की तलाश शुरू की। रविवार देर रात गोताखोरों ने दोनों के शवों को बरामद कर लिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। वे अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिले। उनसे बातचीत की और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद फार्मेसी काउंटर पर गए। वहां लाइन में खड़े मरीजों से पूछा की दवा बाहर की मिल रही है या अस्पताल में। जवाब से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने पैथोलॉजी लैब, आईसीयू और सामान्य वार्ड का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सीएमएस से कहा कि आपका अस्पताल अन्य अस्पतालों की तुलना में बेहतर है।

बता दे अस्पताल में 20 बेड का आईसीयू हाल ही में खोला गया है। प्रभारी मंत्री ने सीएमएस और सीएमओ को निर्देशित किया कि समय से डॉक्टर अस्पताल आए। अस्पताल स्टॉफ का मरीजों के प्रति व्यवहार बेहतर होना चाहिए। अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। दवाएं अस्पताल से ही मिले जो भी डॉक्टर बाहर की दवा लिखे उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। इस दौरान उन्होंने आश्वस्त किया जो भी कमी है उसे दुरस्त किया जाएगा। इसके बाद मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीज से पूछा की कही ऐसा तो नहीं हमारे आने की जानकारी मिलते ही चादर बदली गई हो। दवाएं टाइम से मिल रही है रोजाना साफ-सफाई होती है कि नहीं। मरीजों के जवाब से वो संतुष्ट दिखे। उन्होंने मरीजों की बीमारी के बारे में पूछा। अधिकांश को प्लेटलेट्स डाउन होने और बुखार की समस्या बताई गई।



■ टीएमटी मशीन का किया शुभारंभ, भर्ती और फार्मेसी की लाइन में खड़े मरीजों से की बातचीत

### हार्ट फिटनेस जांच टीएमटी मशीन का शुभारंभ

हार्ट फिटनेस जानने के लिए ईसीजी और ईको टेस्ट भी होता है। टीएमटी यानी ट्रेडमिल टेस्ट के जरिए मशीन पर मरीज को दौड़ाकर उसके हार्ट पर दबाव दिया जाता है। इससे उसका स्टेमिना भी पता चलता है और हार्ट पंप कितनी तेजी से काम कर रहे हैं या धड़कन का पता चलता है। इसके अलावा इको जांच भी अस्पताल में होगी। इनका शुभारंभ प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने किया। दरअसल ये जांच निजी अस्पताल में काफी महंगी होती है। जिसको करा पाना लोगों के लिए मुश्किल है। सरकारी अस्पताल में सुविधा होने से मरीजों को काफी सहूलियत होगी।

### अस्पताल गेट पर टूटी टाइल्स

प्रभारी मंत्री आने से ठीक पहले ही अस्पताल गेट की दीवार पर लगी टाइल्स टूट कर गिर गई। आलम ये है गेट की दीवार पर लगा सीमेंट तक बाहर गया। ये घटिया निर्माण की पोल खोलने के लिए काफी है। सीएमएस की ओर से शासन को अस्पताल की मरम्मत कराने के लिए लिखा है। बावजूद इसके अब तक यहां मरम्मत का काम नहीं किया जा सका है। इससे पहले भी अस्पताल में सील फालिंग, टाइल्स गिरने की घटना हो चुकी है।

## प्रभारी मंत्री ने दिखाई पोषण रैली को हरी झंडी, दिया कुपोषण दूर करने का संदेश

**नोएडा।** जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ सोमवार को प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रचार वाहन एवं पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्लोगन व नारों के माध्यम से लोगों को कुपोषण दूर करने और जनसमुदाय को पोषण के लिए सही व्यवहार अपनाने के लिए संदेश दिया गया। रैली अट्टा व छलेरा की गलियों में होते हुए छलेरा प्राथमिक विद्यालय आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय छलेरा में चार बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी उपस्थित रहीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि वर्ष 2018 से हर साल सितम्बर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार अभियान में पोषण से सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेंस विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों जैसे गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जन जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' है। पोषण अभियान के अंतर्गत छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। इस वर्ष सितम्बर 2023 में आयोजित पोषण माह प्रभावी स्तनपान व संपूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण सुधार, मेरी माटी मेरा देश, एनीमिया स्तर में सुधार के लिए प्रशिक्षण उपचार व संवाद आदि पर फोकस किया जा रहा है।



■ प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने चार बच्चों का कराया अन्नप्राशन

उवाच "

सरकार ने काफी संख्या में स्कूलों को संविलय कर प्रधान अध्यापक के पद कम कर दिए, छुट्टियां कम करने के बावजूद भी स्कूल समय के उपरांत भी हमसे कार्य लिया जाता है। श्वेता वर्मा ने कहा कि विद्यालय समय के उपरांत विभिन्न प्रकार की ट्रेंनिंग व अन्य कार्य से महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। **अशोक, जिला संरक्षक**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो प्राधिकरण विकास कार्यों के लिए जल्द निकालेगा निविदा

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-2 के ब्लॉक सी, डी, ई एवं एफ में प्रवेश द्वार एवं हाइट बैरियर का निर्माण किया जाएगा। इस काम में करीब 34 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। सेक्टर सिग्मा-3 और 4 का रखरखाव बेहतर किया जाएगा। इसके लिए तीन वर्ष का अनुरक्षण कार्य करने के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विकास कार्यों के टेंडर निकाल दिए हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए दो महीने में काम शुरू कराने की योजना है। प्राधिकरण ग्राम ब्रह्मपुर गजरौला उर्फ नवादा में बारात घर की मरम्मत कराएगा। ग्राम घंघोला एवं कुलीपुरा में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई जाएगी। इस काम में करीब सवा करोड़ रुपए खर्च होंगे। ग्राम डाढ़ा, बिरौंडा, क्यामपुर एवं खानपुर में चार तालाबों का सुंदरीकरण किया जाएगा। इस काम में करीब 70 लाख रुपए खर्च होंगे। ग्राम जलपुरा में गौशाला का निर्माण कार्य होगा। इसके निर्माण में करीब सात करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्राधिकरण ने जोन-5 और जोन-7 में सीवर के घर-घर कनेक्शन दिए जाएंगे और रखखाव होगा।

### मोटो जीपी बाइक रेस में आ सकते हैं प्रधानमंत्री, भेजा गया आमंत्रण

**ग्रेटर नोएडा।** बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होने वाली मोटो जीपी बाइक रेस में 24 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की संभावना है। इसके लिए उन्हें आमंत्रण भेज दिया गया है। वहीं, 23 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। वह यहां पर अफसरों के साथ बैठक भी कर सकते हैं। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22 से 24 सितम्बर तक मोटो जीपी बाइक रेस होगी। बीआईसी में रेस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 24 सितम्बर को फाइनल रेस होगी। समापन में बुलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा गया है। पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री यहां आएंगे। अधिकारियों का कहना है कि 23 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। वह यहां पर अफसरों के साथ बैठक कर सकते हैं। मोटो जीपी बाइक रेस में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रेस कराने वाली कंपनी के साथ जिला और पुलिस प्रशासन भी तैयारी में जुटे हुए हैं।

## समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का मिले लाभ : प्रभारी मंत्री



■ प्रभारी राज्य मंत्री लोक निर्माण बृजेश सिंह ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने जिला मुख्यालय के सभागार में जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रम तथा कानून व्यवस्था को लेकर गहन समीक्षा बैठक की। विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, हर घर जल योजना, गौ आश्रय स्थल एवं निराश्रित गौवंश संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसानों के लिए खाद बीज की उपलब्धता, विद्युत विभाग, एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन योजना, नि:शुल्क राशन वितरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित सभी विभागों की समीक्षा की। बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से माइक्रो प्लान तैयार करते हुए अपने कार्य को अंजाम दें।

मंत्री ने बैठक में उपस्थित समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लाभार्थीपरक योजनाओं को लेकर जनपद के मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाएं। विकास कार्यक्रमों की बैठक का संचालन जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा मंत्री को संचालित विकास कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार परक रूप से जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास कार्यक्रमों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उनके द्वारा जो दिशा निर्देश दिए गए हैं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका अक्षर से पालन सुनिश्चित कराते हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में और अधिक गतिशीलता लाने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने जनपद की कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तारपरक से जानकारी उपलब्ध कराई और साथ ही जनपद में प्रस्तावित यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जीपी के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की यातायात व्यवस्था एवं आने वाले देश-विदेश के मेहमानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारी के संबंध विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

बैठक में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक नोएडा पंकज सिंह, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सार संक्षेप

#### दो फीडरों पर पांच घंटे रहेगी विद्युत की कटौती

**रबूपुरा।** क्षेत्र स्थित यीडा के निर्माणाधीन सैक्टर अंतर्गत होने वाले कार्य व विद्युत आपूर्ति सप्लाई के लिए हाइटेंशन लाइन पर निर्माण कार्य होने के चलते रबूपुरा विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति होने वाले विभिन्न फीडरों पर 5 घंटे विद्युत कटौती होगी। अधिशासी अभियंता ने पुनः उपखंड अधिकारी को पत्र भेजकर समस्या से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। अधिशासी अभियंता के पत्र अनुसार यीडा के सेक्टर-25, 28,15 एवं 20 को विद्युत आपूर्ति करने वाली 220 केवीए लाइन पर कार्य किए जाने के कारण पचोकरा व आकलपुर फीडर पर 6 सितम्बर से 10 व 13 से 15 सितम्बर तक सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। किसी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं हो इसके लिए पूर्व में अवगत कराया जा रहा है। कार्य तदुपरांत आपूर्ति विधिवत सुचारू रहेगी।

#### छात्रा से छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट

**रबूपुरा।** जंगल से घर लौट रही छात्रा के साथ गांव के ही युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों के शिकायत करने पर आरोपी पक्ष ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा रहा है तो वहीं पुलिस जांचोपरांत कार्रवाई का दावा कर रही है। जानकारी अनुसार एक गांव निवासी कक्षा 9 की छात्रा शुक्रवार को अपने खेतों पर गई थी। आरोप है वहां से घर लौटते समय रास्ते मे गांव के ही युवकों द्वारा अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।


NAME CHANGE

I, Manish Kushwaha S/o Sh. Santosh Kumar Singh R/o D-239, Omicron-II, Greater Noida U.P. have changed my name to Manish Kumar Kushwaha for all future purposes.


## धूमधाम से तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का होगा आयोजन



■ इस्कॉन मंदिर करेगा तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। इस्कॉन मंदिर ग्रेटर नोएडा की तरफ से जन्माष्टमी के अवसर पर तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 6, 7 एवं 8 सितम्बर (बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार) के दिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक प्रत्येक दिन ग्रेटर नोएडा के लेबर चौक के पास के मैदान, अल्फा-2 में मनाया जाएगा। स्वरूपानंद दास, प्रचार प्रभारी, इस्कॉन ग्रेटर नोएडा ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस तरह का आयोजन इस्कॉन मंदिर पिछले कई वर्षों से आयोजित कर रहा है। जिसमें पवित्र नाम का कीर्तन, भगवान का भव्य अभिषेक और श्रीकृष्ण कथा कार्यक्रम के विशेष आकर्षण होंगे। इस अवसर पर लोकनाथ स्वामी महाराज, जो कि इस्कॉन के संस्थापकचार्य कृष्णकृपामूर्ति ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के वरिष्ठ शिष्यों में एक हैं, भीं उपस्थित रहकर अपने आशीष वचनों से सभी को प्रेरित करेंगे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन 7 सितम्बर को किया जाएगा, जिसमें भगवान के लिए भोग लगाएंगे जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए सात्विक प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## कारोबारी को हनी ट्रैप में फंसाकर मांगे लाखों रुपए

**दनकौर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा के रहने वाले एक कारोबारी को हनी ट्रैप में फंसाकर अज्ञात महिला द्वारा लाखों रुपए मांगे जा रहे हैं। आरोपी महिला द्वारा इंटरनेट मीडिया पर कारोबारी का वीडियो बनाकर प्रसारित करने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पीड़ित द्वारा बताया गया है कि एक महिला द्वारा इंटरनेट मीडिया पर उनसे दोस्ती की गई। इसके बाद महिला द्वारा वीडियो कॉल कर अपने कपड़े उतार दिए गए लेकिन पीड़ित द्वारा स्वयं के कपड़े नहीं उतारे गए। इसके बावजूद भी महिला द्वारा उनका वीडियो बनाकर प्रसारित करने की धमकी दी गई है। इस बात का डर दिखाकर पीड़ित से लाखों रुपए की मांग की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि उसके द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

## सेक्टर डेल्टा-दो में बंद पड़े खाली प्लाटों में झाड़ियों से लोग परेशान





**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-दो के बन्द पड़े खाली प्लॉटों में उगी बड़ी बड़ी झाड़ियां जंगल में तब्दील हो चुके प्लॉट आए दिन निकल रहे हैं सांप बिच्छू बराबर मकान में रह रहे परिवारों में दहशत है। आर डब्लू ए महासचिव आलोक नागर ने बताया कि सेक्टर के अंदर खाली प्लॉटों की काफी संख्या है और उन में बड़ी बड़ी झाड़ियां खड़ी हो गई हैं खाली प्लॉट जंगल में तब्दील हो चुके हैं और आए दिन सांप बिच्छू जहरीले कीड़े निकल रहे हैं जिससे आस पड़ोस में रह रहे परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों से मांग की या तो उन प्लॉटों को साफ कराया जाए या जो भी मकान मालिक है उनको नोटिस जारी करें और पेनल्टी लगाए। ऐसे लोगों पर कार्रवाई करें अन्यथा सेक्टर वासी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, तीन घायल

**दनकौर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के चीती गांव में घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे एक पक्ष के महिला समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का ग्रेटर नोएडा अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दूसरे पक्ष के चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित दयानंद ने शिकायत में कहा है कि उनके पड़ोस में रहने वाले सतीश पक्ष के लोगों ने उनके घर के सामने कूड़ा डाल दिया था। उनके बेटे अमित व रिंकू ने कूड़ा डालने का विरोध किया था। जिससे उनके बेटे और पड़ोसी पक्ष के लोगों में कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद ही पड़ोसी पक्ष के राकेश, निखिल व बोवी लाठी डंडे लेकर आ गए।

गुस्साए आरोपियों ने उनके दोनों बेटों और रिंकू की पत्नी किरन के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। इस मारपीट में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में अन्य लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कर पुलिस को घटना की सूचना दी। अस्पताल में किरन की हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि कूड़ा डालने को लेकर विवाद हुआ है। महिला की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## अठारह सूत्रीय मागों के लेकर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना



■ पुरानी पेंशन बहाली सहित कई मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सरकार ने सन 2004 के बाद नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन खत्म कर नई पेंशन लागू की गई है जिसका शिक्षक संगठन लगातार विरोध कर रहे है। सोमवार शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना देते हुए प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिला मंत्री गजन भाटी ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पुरानी पेंशन, कैश लैश चिकित्सा, पदोन्नति सहित 18 सूत्रीय मांगों के लिए दिया जा रहा है। ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा, मांग नहीं मानने पर प्रदेशीय नेतृत्व के आदेशानुसार लखनऊ में विशाल रैली होगी। मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने कहा कि जब विधान मंडल, राज्य एवं लोक सभा के सदस्य पुरानी पेंशन का लाभ ले सकते हैं तो शिक्षक क्यों नहीं। जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है दूसरी तरफ कैशलेश चिकित्सा में हमारे साथ भेदभाव किया है, जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे। जिला संरक्षक मुनीराम भाटी ने मांग नहीं मानने पर शिक्षिकों को लखनऊ के लिए तैयार रहने को कहा। जिला संरक्षक अशोक ने बताया कि सरकार ने काफी संख्या में स्कूलों को संविलय कर प्रधान अध्यापक के पद कम कर दिए, छुट्टियां कम करने के बावजूद भी स्कूल समय के उपरांत भी हमसे कार्य लिया जाता है। श्वेता वर्मा ने कहा कि विद्यालय समय के उपरांत विभिन्न प्रकार की ट्रेंनिंग व अन्य कार्य से महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसी प्रकार बलेराम, कपिल नागर, रवि भाटी स्मिता आदि ने अपने विचार रखे। धरना में दिवान सिंह, अतुल उपाध्याय, सतीश नागर, समरेश रावल अमर भाटी, ब्रजेश पाल, रजनी यादव, जगवीर भाटी, सुरेश नागर, कल्पना शर्मा, मीना यादव, भगवत स्वरूप शर्मा, विनोद ठाकुर, राजीव शर्मा माजिया सुल्ताना, संजय शर्मा, शशि मिश्रा, श्वेता सोमवंशी, सरिता यादव, माला बजाज, अमित निमेष आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिला कारागार में लगे जेल अदालत में 50 पत्राविलयों का निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशो के अनुपालन में एवं अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश, गौतबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, नूपुर श्रीवास्तव अपर सिविल जज, जूनियर डिवीजन, द्वितीय की अध्यक्षता में जेल अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत में न्यायिक अधिकारी नूपुर श्रीवास्तव द्वारा 50 पत्राविलयों का निस्तारण किया गया। जिला कारागार में निरुद्ध गरीब व असहाय ऐसे बंदीगण जिनके मुकदमों में पैरवी करने वाला कोई नहीं है तथा वह बंदी छोटे-छोटे अपराधिक मामलों में काफी लंबे समय से निरुद्ध है, ऐसे बंदियों को चिन्हित करते हुए तथा न्यायालय द्वारा चिन्हित प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जिला कारागार गौतम बुध नगर में आयोजित जेल अदालत में 50 पत्रावलिओं का निस्तारण किया। जेल अदालत में नूपुर श्रीवास्तव, अपर सिविल जज जू.डि.-द्वितीय, अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक, जिला कारागार एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

## अंतर्विद्यालयी हिन्दी प्रतियोगिता मंथन में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में अंतर्विद्यालयी हिन्दी प्रतियोगिता 'मंथन' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के 14 स्कूलों ने भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता पांडे ने मुख्य अतिथियों के साथ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने उपस्थित अतिथिगण, निर्णायकगण एवं प्रतिभागी स्कूलों का हार्दिक अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रतिभावी शिक्षिका रेखा काद्यान ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय में सुरा संगम, नाट्य विहंग, अतुल्य भारत, भक्ति सुधा, हास्य वादिन, काव्य गोष्ठी, संगच्छध्वं संवदध्वं इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान प्रज्ञान स्कूल, ग्रेटर नोएडा को सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं तथा प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र बहुत उत्साहित और उमंग से भरे हुए दिखाई दे रहे थे। विद्यालय में उनके लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या ने हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कन्हैया मित्तल के भजन पर झूमे हजारो दर्शक



■ श्रीश्याम सेवा परिवार ने श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का किया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। श्रीश्याम सेवा परिवार ग्रेटर नोएडा द्वारा एक दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव रविवार को सेंट्रल पार्क रामलीला ग्राउंड साईट 4 ग्रेटर नोएडा में मनाया गया। समिति द्वारा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में कन्हैया मित्तल के भजन- सेठो के सेठ खाटू नरेश, जो राम को लाए हैं, भजन गायक मुकेश बांगड़ा व भावना स्वरांजलि के भजनों पर हजारों दर्शकों ने श्यामकीर्तन का देर रात्रि तक आनंद लिया। खाटूश्याम मंदिर के ट्रस्टी व सेवादार मानवेन्द्र चौहान ने बाबा के दरबार से सभी को आशीर्वाद दिया। श्यामकीर्तन का मंच संचालन भगवान दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में यूपीसीडा, पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग, फायर विभाग व पत्रकार साथी व सभी दानदाताओं का विशेष सहयोग रहा।

इस दौरान मुकुल गोयल, आदित्य अग्रवाल, सुरेश गर्ग, अंकित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कपिल गुप्ता, विनय गुप्ता, विजय अग्रवाल, वैभव बंसल, शुभम मांगलिक, पीयूष गोयल, बंटी अग्रवाल, चेतन शर्मा, शुभम गोयल, सौरभ सिंघल, आधार जिंदल, विकास गर्ग, तरंग तायल, सौरभ अग्रवाल, मुकेश गोयल, पीयूष गर्ग, नवनीत अग्रवाल, सुमित गोयल, रोहित गोयल,आकाश गर्ग, पंकज गर्ग, गौतम गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, शिवम् सिंघल, अंकुर अग्रवाल उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। स्पर्श ग्लोबल स्कूल ग्रेनो वेस्ट में प्राईमरी विंग का प्रथम वार्षिक कार्यक्रम 'टी-फीटी' जो एक प्रचलित एनिमेटेड फिल्म रही है, के जादू को फिर से एक बार विद्यालय के प्रांगण में जीवंत कर दिया। विद्यालय का प्रांगण प्रकृति के सुंदर रूप में सुसज्जित किया गया था, चारों ओर प्रकृति के अनुपम छटां बिखरी दिखाई दे रही थी। प्रथम वार्षिक आयोजन की सफलता ने विद्यालय की प्रगति की राह का एक और पथ उज्ज्वल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सीबीएससी अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी, स्पर्श प्रबंधन समिति तथा प्रधानाचार्या मोनिका रंधावा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अनुराग त्रिपाठी ने सभा को संबोधित करते माता-पिता को साकारात्मक परवरिश को बढ़ावा देने की ओर जोर दिया। प्रधानाचार्या मोनिका रंधावा ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों तथा अभिभावकों का हृदय से स्वागत किया तथा कहा कि, यह वार्षिक कार्यक्रम उनके हृदय के बहुत करीब है और इस कार्यक्रम के द्वारा वह चाहती हैं कि हम सब प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहे। बच्चों में किताबी शिक्षा के साथ-साथ उनके संपूर्ण विकास का लक्ष्य लिए स्पर्श विद्यालय की संगीत, ड्रामा, नृत्य आदि की टीम द्वारा प्रदर्शित रंगारंग कार्यक्रम ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे-छोटे बच्चे अपनी रंगबिरंगी पोशाकों में लुभावित कर रहे थे। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्या ने आयोजन में उपस्थित सभी अतिथि गण, अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें अपने स्पर्श परिवार पर गर्व है जिसने प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को निखरने का अवसर दिया और इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव कर दिखाया है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड सं0- L-043 in Kensington Park Plot Phase-1 at Jaypee Greens Wish Town, Sector-133, Noida Area - 128 Sqm. जो कि स्व0 श्री ईश कुमार वोहरा के नाम पर संयुक्त रूप से सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/3 भाग को उनकी माँ एवं सन्दर्भित सम्पत्ति की सह उप-पट्टा धारक श्रीमती आशा रानी वोहरा के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अत: इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व0 श्री ईश कुमार वोहरा की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/3 भाग को उनकी माँ श्रीमती आशा रानी वोहरा के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी 2, सैक्टर-ओमेगा 1, ग्रेटर नोएडा
पिन कोड-201308 जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 दूरभाष नं0-0120-2395201, फैक्स नं0 0120-2395150



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# प्रादेशिकी

## सरफेस सीडर की व्यक्तिगत खरीद पर 40 हजार की सब्सिडी प्रदान की जाएगी

**अमृतसर।** पंजाब सरकार खेतों में धान की पराली के प्रबंधन के लिए किसानों को रियायती दरों पर सरफेस सीडर मशीनें उपलब्ध करा रही है। मुख्य कृषि अधिकारी जतिंदर सिंह गिल ने सोमवार को कहा कि कृषि विभाग सरफेस सीडर की व्यक्तिगत खरीद पर 40 हजार रुपए और कस्टमर हायरिंग सेंटर की खरीद पर 64 हजार रुपए की सब्सिडी देगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए राज्य में फसल अवशेष जलाने के मामलों को शून्य पर लाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनरी की खरीद पर सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। अधिकारी ने जिले के किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया और कहा कि यदि किसी किसान को आवेदन करने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वह अपने संबंधित ब्लॉक के ब्लॉक कृषि कार्यालयों से संपर्क कर सकता है।

### मंडी स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने विपक्षी भाजपा पर पलटवार किया

## भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव से छह माह पहले मंडी में एक कॉलेज को विश्वविद्यालय बना दिया

**शिमला,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मंडी स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी (एसपीयू) के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्षी भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने विधान सभा चुनाव से छह माह पहले मंडी में एक कालेज को विश्व विद्यालय बना दिया। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर वह लोगों का ध्यान बांटने के मकसद से एसपीयू को लेकर दुष्प्रचार कर रही है। कहा कि सरकार एसपीयू को बंद नहीं करेगी। सुक्खू हमीरपुर रवाना होने से पहले शिमला में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने पर्याप्त अधोसंरचना के बगैर ही एसपीयू को खोला। विश्व विद्यालय में अध्यापक ही नहीं होंगे तथा विद्यार्थियों को बैठने की जगह ही नहीं होगी तो फिर संस्थान का क्या फायदा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से जानना चाह है कि वह बताएं कि एसपीयू मंडी का भवन कहां है। एक कॉलेज में उन्होंने विवि चलाने का एलान कर दिया लेकिन इससे पहले उसके लिए आधारभूत ढांचा बनाया जाना चाहिए था जोकि नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई



भी संस्थान खुलता है तो उसके नियम व कायदे कानून होते हैं। जिस तरह से पूर्व सरकार ने बिना इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्कूल खोल दिए थे ठीक उसकी तरह से मंडी का विश्वविद्यालय भी खोल दिया गया। अब उनकी सरकार यहां पर पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर देगी उसपर काम किया जा रहा है।

सुखविन्द्र सिंह ने कहा कि हम चुनाव देखकर नहीं बल्कि लोगों के दर्द को समझकर काम कर रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के उत्तर में कहा कि केन्द्र सरकार से प्रदेश में हुई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गई थी लेकिन उन्होंने नहीं किया। केन्द्र से हिमाचल ने आर्थिक मदद के तौर पर विशेष पैकेज मांगा वो भी नहीं दिया गया। एक टीम दौरा कर गई और दूसरी टीम ने भी दौरा किया है। उन्होंने कहा कि किसान व बागवान की फसल को मंडियों तक पहुंचाना सरकार का पहला दायित्व है जिसपर तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश के हरेक वर्ग ने आपदा में राहत के लिए दिल खोलकर दान दिया है जिनका वह आभार जताते हैं। एक अन्य सवाल पर सीएम ने कहा कि सोमवार को प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की जाती है जिसमें विभागों के कामकाज का रिव्यू होता है।

### सीएम नादौन के लिए रवाना

शिमला में पत्रकारों के साथ बातचीत के बाद सीएम नादौन के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि वह तीन दिनों तक निचले हिमाचल के दौरे पर रहेंगे और इस दौरान वह बारिश से प्रभावित एरिया का दौरा कर लोगों को राहत वितरित करेंगे।

### प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संवाहक बने प्रवासी हिमाचली: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने कनाडा के कैलगरी में आयोजित हिमाचली धाम कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया**

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से वर्चुअल माध्यम से कनाडा में हिमाचली एसोसिएशन ऑफ अल्बर्टा, कैलगरी द्वारा आयोजित 'हिमाचली धाम' कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विदेशों में रह रहे हिमाचलियों को अपनी समृद्ध विरासत और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जीवंत संस्कृति के अग्रदूत के रूप में प्रवासी हिमाचली विश्व भर में प्रशंसनीय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को राज्य की परम्पराओं और संस्कृति से परिचित करवाने में इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण हैं और इससे युवा अपनी संस्कृति के प्रति और अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विश्व भर में रह रहे हिमाचलियों और उनकी मातृभूमि के मध्य अटूट बंधन का भी प्रतीक हैं। उन्होंने प्रदेश से दूर रहने के बावजूद हिमाचल की संस्कृति के संरक्षण में एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की।

## आईजीएमसी में स्क्रब टायफस से 7 वर्षीय बच्ची की मौत, 12 लोग पॉजिटिव

**शिमला,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। आईजीएमसी में स्क्रब टायफस से मौत का सिलसिला जारी है। आईजीएमसी में 7 वर्षीय बच्ची की मौत हुई है। यह बच्ची अर्की सोलन की रहने वाली थी। वहीं 12 मामले पॉजिटिव आए हैं। अब स्क्रब से मौत का आंकड़ा 7 पहुंच गया है और पॉजिटिव मामलों की संख्या 239 पहुंच गई है। अभी तक 818 लोगों के टैस्ट किए जा चुके है। पहले जिन 6 लोगों की मौत हुई है वह सारी महिला ही थी। रोजाना आ रहे मामले को देखते हुए चिकित्सकों ने अब सर्तक रहने के निर्देश दिए हैं। स्क्रब टायफस एक जीवाणु से संक्रमित पिस्सू के काटने से फैलता है जो खेतों, झाडियों व घास में रहने वाले चूहों में पनपता है। जीवाणु चमड़ी के माध्यम से शरीर में फैलता है और स्क्रब टाइफस बुखार बन जाता है। चिकित्सकों का तर्क है कि लोगों को चाहिए कि इन दिनों झाडियों से दूर रहे और घास आदि के बीच न जाए, लेकिन किसानों और बागवानों के लिए यह संभव नहीं है, क्योंकि आगामी दिनों में खेतों और बगीचों में घास काटने का अधिक काम रहता है। यही कारण है कि स्क्रब टायफस का शिकार होने वाले लोगों में किसान और बागवानों की संख्या ज्यादा रहती है।स्क्रब टायफस होने पर मरीज को तेज बुखार जिसमें 104 से 105 तक जा सकता है। जोड़ों में दर्द और कंपकपी ठंड के साथ बुखार शरीर में ऐंठन अकड़न या शरीर का टूटा हुआ लगना अधिक संक्रमण में गर्दन बाजू कूल्हों के नीचे गिल्टियां का होना आदि इसके लक्षण है। स्क्रब टायफस से बचने के लिए लोग सफाई का विशेष ध्यान रखें। घर व आसपास के वातावरण को साफ रखें। घर व आसपास कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। मरीजों को डॉक्सीसाइक्लन और एजिथ्रोमाईसिन दवा दी जाती है। स्क्रब टायफस शुरूआत में आम बुखार की तरह होता है, लेकिन यह सीधे किडनी और लीवर पर अटैक करता है। यही कारण है कि मरीजों की मौत हो जाती है।

- अब स्क्रब से मौत का आंकड़ा 7 पहुंच गया
- पॉजिटिव मामलों की संख्या 239 पहुंच गई

### हेपेटाइटिस ए का आया 1 मामला

आईजीएमसी में हेपेटाइटिस ए का 1 मामला आया है। यह एक पीलिया ही होता है। यह गंदे पानी के सेवन से हो रहा है। ऐसे में अब लोगों को सतर्क रहना होगा। शहर में हर दूसरे या तीसरे दिन पीलिया के मामले आ रहे हैं। अभी तक पीलिया के 87 मामले पॉजिटिव आ चुके है। आईजीएमसी एम एस डॉ राहुल रॉय ने बताया कि अस्पताल में एक बच्ची की स्क्रब टायफस से मौत हुई है और 12 मामले पॉजिटिव आए हैं। इन दिनों रोजाना पॉजिटिव आ रहे हैं। लोगों से अपील है कि वह इसके लक्षण दिखाई देते ही अस्पताल में आए और अपना इच्छे से उपचार करवाएं।

### सार संक्षेप

### रोडवेज ने सिरसा से पोकरण के लिए नई बस सेवा की शुरू

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज विभाग की ओर से पूर्व में बंद पड़ी सभी सेवाओं को एक-एक कर बहाल किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिरसा से पोकरण के लिए भी नई बस सेवा को सोमवार की सुबह शुरू किया गया। रोडवेज महाप्रबंधक शेर सिंह ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ इस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रेस सचिव व सिरसा डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि सिरसा से पोकरण के लिए नई बस सेवा शुरू की गई है। इस बस को सिरसा डिपो महाप्रबंधक शेरसिंह व यातायात प्रबंधक कृष्ण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जीएम स्टेनो राकेश कुमार, बस स्टैंड इंचार्ज रतन सिंह नुईया, ट्रैफिक ब्रांच इंचार्ज ओमप्रकाश, बुकिंग ब्रांच इंचार्ज राकेश कुमार कंबोज, ड्यूटी इंचार्ज नंदलाल, गजानंद, सुंदर सिंह, चमनलाल, बलजीत सिंह, सुभाष चंद्र, प्रवीण कुमार, किसान नेता गुरदीता, बस ड्यूटी पर तैनात चालक सुखविंदर, परिचालक प्रहलाद सिंह व अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री चाहर ने बताया कि यह बस सिरसा से सुबह 7.10 पर रवाना होगी और नौ बजे पोकरण पहुंचेगी। चाहर ने बताया कि यह बस आमजन की सुविधा को देखते हुए चलाई गई है और इस बस के शुरू होने से आमजन में खुशी का माहौल है।

### शिक्षकों को राष्ट्रीय अध्यापक दिवस की बधाई: बैंस

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सोमवार को राष्ट्रीय अध्यापक दिवस की पूर्व संध्या पर अध्यापक भाईचारे को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनको विद्यार्थियों में अनुशासन, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, समर्पण और अच्छे आचरण जैसे उत्तम गुण पैदा करने के लिए हर संभव यत्न करने की अपील की है। आज यहां जारी एक संदेश में स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह शानदार दिन अलग-अलग क्षेत्रों विशेष तौर पर शिक्षा प्रणाली में बेमिसाल सुधार करने में अहम योगदान डालने वाले प्रसिद्ध विद्वान, राजनेता और महान दार्शनिक, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती के दिन मनाया जाता है। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के अनुसार, 'शिक्षा वह है जो व्यक्ति को निडर बनाती है, उसको एकता का पाठ सिखाती है, उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करती है और उसको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित करती है।' इसी तरह भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का कथन, 'अध्यापन एक बहुत ही उत्तम पेशा है जो किसी व्यक्ति के चरित्र, योग्यता और भविष्य को आकार देता है।' श्री बैंस ने भविष्य के लिए विद्यार्थियों को रचनात्मक सीख देने और शिक्षा के द्वारा नैतिक मूल्यों का संचार करने में अध्यापकों के काम की भूमिका की सराहना भी की।

### सुडोकू 6307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

## तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि की सनातन धर्म पर टिप्पणी से भाजपा भड़क उठी

**शिमला,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन में शामिल डीएमके नेता एवं तमिलनाडू के खेल मंत्री उदयनिधि की सनातन धर्म पर टिप्पणी से भाजपा भड़क उठी है। उदयनिधि की टिप्पणी के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने इंडिया गठबंधन को घमंडिया गठबंधन नाम देते हुए उस पर हमला बोला है। डॉ बिंदल ने कहा कि घमंडिया गठबंधन की मुम्बई बैठक में सनातन धर्म पर हमले की रणनीति बनी तथा इसका खुलासा तमिलनाडू में हुआ। उन्होंने सनातन धर्म पर उदयनिधि की टिप्पणी को निंदनीय करार दिया है। डॉ राजीव बिंदल ने प्रदेश के तीनों महामंत्रियों के साथ एक योजना बैठक में भाग लिया। इस बैठक में भाजपा की आगामी सभी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाला एक नया गठबंधन देश में बना है ,अब इस गठबंधन को क्या नाम दिया जाए वो चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा की इस गठबंधन ने आज से चार दिन पहले इकट्ठे होकर के एक रणनीति बनाई और उसे रणनीति का खुलासा तमिलनाडु में जा करके हुआ जब तमिलनाडु के एक मंत्री जो कि उस प्रदेश के मुख्यमंत्री के पुत्र हैं जिनका नाम उदयनिधि है। उन्होंने हजारों लोगों की भरी सभा में भारत के सनातन धर्म को समाप्त करने की घोषणा की। वह कहते हैं कि सनातन धर्म को जड़ मूल से उखाड़ फेंकना है और इस प्रकार से उखाड़ फेंकना है जैसे हम डेंगू, मच्छर और मलेरिया को समाप्त करते हैं। अब यह किस प्रकार का गठबंधन कांग्रेस पार्टी के साथ बना है जो हिंदू धर्म के ऊपर सीध-सीधा अत्याचार करने को उतारू है।

- राजीव बिंदल ने इंडिया गठबंधन को घमंडिया गठबंधन नाम देते हुए उस पर हमला बोला

बिंदल ने कहा की कांग्रेस पार्टी इस बयान से पल्ला नहीं झाड़ सकती है, यह सनातन है जो आदिकाल से चला आ रहा है। इस सनातन ने पूरी दुनिया को जीना सिखाया, सदैव दुनिया का मार्गदर्शन किया है और आने वाले समय में भी करता रहेगा। उस सनातन को समाप्त करने वाला यह घमंडिया गठबंधन नहीं चलेगा। इनके नेताओं की इस्तेमाल की गई भाषा पूरी तरह से अस्वीकार्य और निंदनीय है। बिंदल ने कहा की सनातन धर्म का बाल भी बांका कोई नही कर पाया ना भविष्य में कर पाएगा। तुर्कए शाकए हुनए मुगलए पठानए चंगेज खान और अंग्रेज जब भारत में आए तो वो भी सनातन का कुछ नही कर पाए।

### यूकेएसएसएस पेपर लीक मामला

## मास्टर माइंड हाकम सिंह सहित उसके 2 साथियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**देहरादून,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के बहुचर्चित यूकेएसएसएस पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने यूकेएसएसएस पेपर लीक मामले में एक साल से जेल में बंद मास्टर माइंड हाकम सिंह सहित अन्य आरोपी विपिन बिहारी और शशिकांत को भी जमानत दे दी। जज एएस. बोपन्ना और प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बहस सुनने के बाद जमानत मंजूर की। सुप्रीम कोर्ट के वकील ऋतुपर्ण उनियाल ने बताया कि हाकम सिंह के साथ विपिन बिहारी और शशिकांत को भी जमानत मिली है। एक साल से जेल में बंद तीनों अब बाहर आ जाएंगे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई बहस में राज्य सरकार ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि ये लोग केस को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। जबकि, हाकम सिंह के वकील ने कहा कि ट्रायल में देरी और एक साल तक जेल में रखा गया।

## भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी की उम्मीदवार पार्वती दास की जीत का किया दावा

**बागेश्वर उपचुनाव मे भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास एकतरफा जीत रही हैं: महेंद्र भट्ट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

**चमोली/बागेश्वर,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के बीजेपी अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बागेश्वर में पार्टी उम्मीदवार पार्वती दास की जीत का एकतरफा दावा किया है। उन्होंने चुनाव आयोग से ऑब्जर्वर की शिकायत भी की। बागेश्वर उपचुनाव में प्रचार के बाद ग्वालदम लौटे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बागेश्वर उपचुनाव मे भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास एकतरफा जीत रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी रविवार शाम को बागेश्वर में चुनाव प्रचार थमने के बाद ग्वालदम लौटे थे। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के विकास के विजन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। उन्होंने दावा किया कि बागेश्वर चुनाव एकतरफा है। बागेश्वर की जनता मे मन बना लिया है कि 5 सितंबर को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के पक्ष में मतदान करना है। वहीं, सोशल मीडिया पर महेंद्र भट्ट द्वारा चुनाव आयोग द्वारा भेजे गये सेन्ट्रल ऑब्जर्वर की शिकायत का पत्र वायरल हो रहा है। इस पर उन्होंने बताया कि बागेश्वर उपचुनाव में भेजे गए सेन्ट्रल ऑब्जर्वर भाजपा कार्यकर्ताओ को प्रताड़ित कर रहे हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से की है।

## नियमों का उल्लंघन करने वालों के वाहन जब्त और लाइसेंस रद्द किए जाएं : वर्मा

**चंडीगढ़,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सड़क यातायात के दौरान राज्य निवासियों की जान की सुरक्षा को सबसे अधिक प्रमुखता देते हुये पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने सड़क नियमों की सख्ती से पालना और इनको लागू करने के लिए आधुनिक यंत्रों के प्रयोग पर ज़ोर दिया है। श्री वर्मा ने सोमवार को यहाँ पंजाब सिविल सचिवालय में सड़क सुरक्षा पर बनी उच्चतम न्यायालय की समिति की समीक्षा बैठक करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा इस सम्बन्धित स्पष्ट हिदायतें हैं कि राज्य के लोगों की जान की सुरक्षा सबसे प्रमुख प्राथमिकता है और इसलिए सड़क नियमों की सख्ती से पालना सबसे ज़रूरी है। उन्होंने आज परिवहन और गृह विभाग के अधिकारियों को ज़मीनी स्तर पर नियमों की पालना के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले आधुनिक यंत्रों की तुरंत खरीद करने के लिए भी कहा।

**मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने सड़क नियमों की सख्ती से पालना और इनको लागू करने के लिए आधुनिक यंत्रों के प्रयोग पर ज़ोर दिया**

मुख्य सचिव ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीड, रेड लाइट का उल्लंघन, वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग, बिना हेलमट और सीट बेल्ट से वाहन चलाना आदि उल्लंघनाएं जिनका सीधा मानव जीवन से सम्बन्ध है, पर पूर्ण सख्ती से चैकिंग की जाये और इनके उल्लंघन के दोषियों को कानून मुताबिक सख्त सज़ाएं दीं जाएँ। वाहन ज़ब्त करने और ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने से भी गुरेज़ न किया जाये। मुख्य सचिव ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों से खूनदान, पौधे लगाने, स्कूली बच्चों को पढ़ाने की सेवाएं भी ली जा रही हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की सख्ती से चेकिंग यकीनी बनाने के लिए 800 एल्लकोमीटर की खरीद की जा रही है। इस सम्बन्ध में पुलिस विभाग को तीन महीनों के अंदर यह प्रक्रिया मुकम्मल करने के लिए कहा है। इसी तरह मानव स्रोतों के सभ्य प्रयोग के लिए ई-चालानिंग मशीनों को उत्साहित करते हुये इनकी एक महीने के अंदर खरीद के लिए कहा गया है।

बैठक में सड़क सुरक्षा के बारे लीड एजेंसी के डायरेक्टर जनरल आर. वेंकट रत्नम, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वी. पी. सिंह, प्रमुख सचिव वित्त ए. के. सिन्हा, सचिव गृह गुरकीरत कृपाल सिंह, सचिव लोक निर्माण प्रियांक भारती, सचिव स्कूल शिक्षा के. के. यादव, सचिव परिवहन दिलराज सिंह, ए. डी. जी. पी. (ट्रैफ़िक) ए. एस. राए, स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मोनीश कुमार, डायरेक्टर मेडिकल शिक्षा और अनुसंधान डॉ अविनाश कुमार, ट्रैफ़िक सलाहकार डॉ नवदीप असीजा के अलावा एन. एच. ए. आई के प्रतिनिधि और समिति सदस्य उपस्थित थे।

## बिजली के अघोषित कटों से परेशान ग्रामीणों ने घेरा पंजुआना सब डिवीजन

**सिरसा,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा जिले में बिजली के अघोषित कटों से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को पंजुआना सब डिवीजन कार्यालय का घेराव किया। बीकेई अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि पंजुआना सबडिवीजन पर आते सभी गांवों में बिजली सप्लाई का बुरा हाल है। ट्यूबवैलों पर बिजली की सप्लाई न के बराबर है, जिससे धान, नरमा, ग्वार सहित सभी फसलों में सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। एक तरफ क्षेत्र में पिछले लंबे समय से बरसात नहीं हुई है, वहीं गांवों व खेतों की बिजली के लंबे कट्टों के चलते किसान आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है, जब कभी भी कोई ग्रिड फेल होता है या कोई अन्य दिक्कत आती है सबसे पहले बिजली की कटौती किसान मजदूर को झेलनी पड़ती है। आज भी इंडस्ट्री को 100 प्रतिशत बिजली दी जा रही है, लेकिन किसानों को अपनी फसल पालने के लिए बिजली नहीं दी जा रही है। औलख ने कहा कि गांवों और ढाणियों में रात को बिजली न होने की वजह से चोरी और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। नशे और चोरी पर अंकुश लगाने में पहले ही पुलिस प्रशासन नाकाम है रात को बिजली न होने की वजह से उनके हौंसले और भी बुलंद हो गए हैं।

बीकेई मीडिया प्रभारी गुरलाल भंगू ने बताया कि प्रधान लखविंद्र सिंह औलख ने बिजली आपूर्ति पर बिजली अधिकारियों के साथ आगामी बातचीत करने के लिए हर गांव से दो-दो साथियों की कमेटी बनाकर बिजली निगम आधिकारी के एसडीओ शंकरलाल से लिखित में आश्वासन लिया। आज शाम 4.30 बजे से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से चलेगी अगर फिर भी कोई दिक्कत आती है तो ग्रामीण बिजली घर में पक्का मोर्चा लगाने के लिए मजबूर होंगे। एक्सईएन एम एल सुखीजा ने धरनारत किसानों को आश्वस्त किया कि आगामी समय में गांवों की बिजली की आपूर्ति 24 घंटे होगी।

## गहलोत ने लोक कलाकारों का योजनाओं का पूरा लाभ लेने का किया आह्वान

**जोधपुर,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार को कला-संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए प्रदेश में लोक कलाकारों का उनके उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं का पूरा लाभ लेने का आह्वान किया। श्री गहलोत रविवार को जोधपुर में श्री जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाउन हॉल के लोकार्पण एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्थान की परंपरागत लोक कलाओं, संस्कृति एवं साहित्य के संरक्षण-संवर्धन एवं कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिभा के बल पर राज्य के कलाकार आज देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं। विजन-2030 को साकार करने में कला एवं संस्कृति की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को महापुरुषों के त्याग, बलिदान और सामाजिक उन्नयन के लिए किए गए उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कला हमारी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर है। कलाओं का संरक्षण एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार



**प्रदेश सरकार राजस्थान की परंपरागत लोक कलाओं, संस्कृति एवं साहित्य के संरक्षण-संवर्धन एवं कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अपनी प्रतिभा के बल पर राज्य के कलाकार आज देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं: अशोक गहलोत**

का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. जयनारायण व्यास का कला से गहरा नाता था। उन्होंने जीवन में कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। 11.50 करोड़ की लागत से नवीनीकृत इस 60 साल पुराने टाउन हॉल के द्वारा स्व. व्यास की स्मृतियों के संरक्षण के साथ-साथ कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शन के लिए एक उपयुक्त वातावरण मिल सकेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नृत्य, नाटक एवं संगीत कला को प्रोत्साहन देने के लिए जयपुर के रवीन्द्र मंच को मल्टी कल्चरल सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

### कला एवं कलाकारों को मिल रहा प्रोत्साहन

श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अपनी योजनाओं से लोक कलाओं के संरक्षण एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कोरोनाकाल में कलाकारों को आर्थिक संबल उपलब्ध करवाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में कला उत्सवों के आयोजन से कलाकारों को आजीविकोपार्जन में सहायता मिली है। कलाकार कल्याण कोष के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पूर्व कार्यकाल में भी कलाकारों, लेखकों एवं साहित्यकारों हेतु अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया था। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पट्टिका का अनावरण कर टाउन हॉल का लोकार्पण एवं अवलोकन किया। कार्यक्रम में उन्होंने श्री जय नारायण व्यास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री गहलोत ने इस दौरान 'भारत का संविधान-राजस्थानी अनुवाद' पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के वर्ष 2023-24 के लिए वरिष्ठ नाट्य निर्देशन विधा में उदयपुर के भानु भारती को सर्वोच्च रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने शास्त्रीय विधा में सुमन यादव, शास्त्रीय वादन वायलिन में रवि पंवार, शास्त्रीय नृत्य कत्थक विधा में श्रीमती गीता रघुवीर, लोक संगीत गायन में भूगड़े खां, लोक संगीत में श्रीमती परवीन मिर्जा, लोक नृत्य में डॉ. रूपसिंह शेखावत, लोक कला कठपुतली में खैरातीराम भाट, लोक नाट्य में दिलीप भट्ट, सुगम संगीत में रफीक सागर, नाट्य-लेखन में अशोक राही, नाट्य-अभिनय में सुश्री गीता भट्टाचार्य, नाट्य-निर्देशन में साबिर खान, नाट्य-रूप सज्जा में राधेलाल, कला समग्र साधना में शरद कुमार तैलंग को पुरस्कार से सम्मानित किया।

## हिसार में दिखी कांग्रेस की गुटबाजी, पर्यवेक्षकों के समक्ष नारेबाजी

**हिसार,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा में यहां जिला कांग्रेस भवन में सोमवार को प्रदेश में संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश पर्यवेक्षकों को पार्टी में गुटबाजी खुलेआम देखने को मिली। पार्टी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने पहुंचे पर्यवेक्षक शैली चौधरी, विधायक रघुबीर कादियान और गुजरात से कांति भाई को यहां पार्टी के गुटों की नारेबाजी और हंगामे का सामना करना पड़ा। बैठक में कुमारी सैलजा गुट के समर्थकों ने नारे लगाते हुए कहा कि बाप-बेटे की नहीं चलेगी। दूसरा गुट भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा के नारे लगाकर शक्ति प्रदर्शन करता नजर आया। इस बीच पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जिसकी रिपोर्ट 10 सितम्बर तक आलाकमान को दी जाएगी। बैठक के दौरान चुनिंदा नेताओं और कार्यकर्ताओं को फीडबैक लेने के लिए बुलाया गया , लेकिन जिले के तमाम कांग्रेस नेता अपने साथ समर्थकों की भीड़ लेकर पहुंचे और अपने नेता के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी। इसके साथ तीनों पर्यवेक्षकों ने एक कमरे में बारी-बारी वरिष्ठ नेताओं को बुलाया और फीडबैक लेना शुरू किया, लेकिन साथ अन्य नेता और समर्थक भी कमरे में घुस गए और नारेबाजी शुरू कर दी।

# प्रादेशिकी

## हापुड़ में वकीलों पर पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। हापुड़ जिले में पिछले दिनों वकीलों के ऊपर पुलिस द्वारा बर्बर लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में सोमवार को फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट में वकीलों ने न्यायिक कार्य से दूर रहकर हड़ताल रखी और अपनी पांच सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को भेट किया गया। यहां हड़ताली अधिवक्ताओं से मिली खबरों के अनुसार फर्रुखाबाद जिले में अमृतपुर, कायमगंज तथा फर्रुखाबाद सदर तहसीलों के करीब तीन सैकड़ा से अधिक अधिवक्ताओं ने हापुड़ जिले में पिछले दिनों वकीलों के ऊपर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट के करीब साढ़े नौ सौ से अधिक हड़ताली अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर न्यायिक कार्य नहीं किया और पूर्ण रूप से हड़ताल रखी।

# गरीबों की सेवा सरकार की प्राथमिकता : योगी

**लखनऊ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार की मंशा साफ है। हमारी मंशा व संवेदनाएं गरीब, निराश्रित, वंचित, दलित और अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ है। पिछली सरकारों से विपरीत, हमारी संवेदानएं माफिया और किसी अपराधी के साथ नहीं हो सकती हैं क्योंकि वह सुरक्षा, सुशासन और विकास के मार्ग के बैरियर हैं। सरकार की कार्यप्रणाली स्पष्ट है, वह इन बैरियर्स को हटाती है मगर गरीबों को अपनी संवेदना का पात्र बनाती है।

- **मुख्यमंत्री ने 240 अभ्यर्थियों को किए नियुक्ति पत्र वितरित**

गरीबों की सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह बातें कहीं। लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ स्पष्ट कर दिया कि माफिया व अपराध तंत्र पर नकेल कसने, भ्रष्टाचार मुक्त सुरक्षित व निष्पक्ष समाज की स्थापना पर प्रदेश सरकार का फोकस है जिससे गरीबों को बिना किसी भेदभाव के उनका हक और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। मिशन रोजगार के अंतर्गत मानव संपदा पोर्टल से अल्पसंख्यक व प्रावधिक शिक्षा में 240 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम योगी के प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के जरिए शासकीय सेवाओं के अतंर्गत निष्पक्ष व मानव हस्तक्षेप रहित प्रक्रिया अपनाकर नियुक्ति दी जा रही है। पिछले 6 वर्षों में मोदी के विजन के अंतर्गत प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। जजेस की नियुक्ति को लेकर 6 महीने में हमने कर दिखाया। 60 जनपदों से अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। अब एक क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को मंच मिल रहा है। प्रदेश सरकार की हर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। कौन कहां नियुक्त होकर जाएगा यह न किसी मंत्री और न ही किसी सचिव को पता होता है। योगी ने कहा कि कंप्यूटर सहायतकों की भी एक बड़ी भूमिका होती है।



पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही प्रदेश सरकार की हर प्रक्रिया : योगी आदित्यनाथ

आज लोगों की धारणाएं उत्तर प्रदेश के लिए बदली हैं। फाइलें अब लटकती नहीं हैं। आज प्रदेश ने सुरक्षा और ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्यों को प्राप्त किया है। केंद्र की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। अब तीन दिन में फाइल फाइनल होनी चाहिए। अपने सीनियर्स से कंसल्ट करें, पेंडेसी नहीं करें क्योंकि पेंडेंसी भ्रष्टाचार से जोड़ता है।

आज जब भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया तब आप जैसे प्रतिभाशाली लोगों को स्थान मिल पाया है। अन्यथा 2017 के पहले यह सपना था। इससे पहले एक नियुक्ति के पीछे उच्च पदस्त नियुक्ति में लग जाते थे। ऐसे लोग नियुक्त हो जाते थे जिन्हें कंप्यूटर के बारे में कुछ आता नहीं था, अकाउंटेंसी नहीं आती थी तो फाइल कैसे बढ़ती।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़ी परियोजनाओं को गति देगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में जुटी योगी सरकार ने अब प्रदेश के कोने-कोने तक लोगों को नागरिक सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों में तेजी लाने की शुरुआत कर दी है। इस क्रम में योगी सरकार ने व्यापक कार्ययोजना के अंतर्गत अब अयोध्या, आजमगढ़, चित्रकूट, देवरिया, हापुड़, जौनपुर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, महाराजगंज, मऊ, पीलीभीत, प्रयागराज व शाहजहांपुर में ग्राम सड़क योजना संबंधी कार्यों को गति प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इन सभी जिलों में निर्माणाधीन मार्गों पर बाधक पेड़-पौधों को हटाने के लिए योगी सरकार ने ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को 7.84 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप, ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को निर्देशित किया गया है कि सभी निर्माण कार्यों को राज्य सरकार की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति नीति के अधीन ही पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त, निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए संबंधित क्षेत्रों में पर्यावरण व अन्य सर्टिफिकेशन व स्वीकृतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जाए। सभी निर्माण कार्यों की देखरेख व नियमों के पालन की जिम्मेदारी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को दी गई है जो यह सुनिश्चित करेंगे कि निर्माण कार्यों की पूर्ति के दौरान गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता या अन्य अनियमित्ता की गुंजाइश न रहे।

# उप्र के दो लाख से अधिक छात्र दे सकेंगे छात्रवृत्ति योजना परीक्षा

**लखनऊ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के 2 लाख से अधिक छात्र इस बार राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 में बैठ सकेंगे। योगी सरकार ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित लाभार्थी कोटे के सापेक्ष 15 गुना अधिक छात्रों के ऑनलाइन आवेदन का लक्ष्य रखा है। भारत सरकार की ओर से इस बार यूपी के 15143 सफल छात्रों को योजना का लाभ देने के लिए कोटा निर्धारित किया है। इसी क्रम में सरकार की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षकों को आवश्यक शर्तें पूरा करने वाले अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं से 18 सितम्बर से पहले ऑनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पांच नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में यह परीक्षा प्रस्तावित है। मनोविज्ञानशाला की निदेशक ऊषा चन्द्रा ने कम आवेदनों के दृष्टिगत सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को यह निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि अपने जनपद के राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्थानीय निकाय (परिषदीय) के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, खण्ड शिक्षाधिकारियों एवं एआरपी की बैठक आयोजित कर उन्हें निर्देशित करें कि वे अपने विद्यालय, विकास खण्ड के सभी अर्ह (परीक्षा के लिए आवश्यक शर्त पूरा करने वाले) छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद के निर्धारित कोटे के सापेक्ष छात्र-छात्राओं का चयन हो सके। पत्र में इसे बेहद संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण विषय करार दिया गया है। इसलिए इस पर पूरी गंभीरता से प्रयास करने को कहा गया है।

- **प्रदेश के अधिक से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति योजना से जोड़ने के लिए सरकार की पहल**
- **15 गुना अधिक ऑनलाइन आवेदन का रखा गया लक्ष्य**

### नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा योजना में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस परीक्षा के लिए राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण देय होगा। मेरिट के आधार पर चयनित छात्र और छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में 1000 रुपए प्रतिमाह की दर से 12000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति प्रस्तावित है, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत देय होगी। परीक्षा में सफल होने के बाद भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत चयनित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देय है। शैक्षिक सत्र के व्यवधान होने पर यह छात्रवृत्ति देय नहीं होगी।

## सार संक्षेप

### जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ, दिए प्रमाण पत्र



**मेरठ।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यो को शपथ दिलाई गई व निर्वाचित समस्त सदस्यो को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राहुल विश्वकर्मा, सीएमओ डा.अखिलेश मोहन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### नानक चन्द्र ट्रस्ट व शिक्षण संस्थाओं की बैठक आयोजित

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं अध्यक्ष नानक चन्द्र ट्रस्ट ने एनएएस डिग्री कॉलेज के प्रबंध समिति कक्ष में नानकचंद ट्रस्ट एवं ट्रस्ट से जुड़ी शिक्षण संस्थाओं की बैठक आहूत की गयी। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडा पर विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट एवं इससे सम्बद्ध शिक्षक संस्थाओं के अवैतनिक सचिव अमित शर्मा सदस्य, राजेंद्र शर्मा सदस्य, पंकज शर्मा सहित एनएएस डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार अग्रवाल शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विवेक त्यागी शिक्षणेत्तर प्रतिनिधि संजय शर्मा तथा एनएएस इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डाक्टर आभा शर्मा उपस्थित रहे।

### गरीब व्यक्ति की पुत्रियों की शादी को करें आवेदन

**मेरठ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेष राय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा कुल 648 लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य मिला है। शादी अनुदान की वेबसाईट पर जाकर लाभार्थियों द्वारा स्वंय ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं।

### बाग की जमीन में दबी लाश मिली

**मेरठ।** थाना किठौर क्षेत्र के फतेहपुर नारायण गांव में एक बाग में लाश दबी मिली। गांव से बाग की तरफजाते हुए एक ग्रामीण ने जमीन में अंगुलीनुमा एक आकृति देखी। अंगुली देखकर ग्रामीण को शक हुआ कि यहां कुछ गड़बड़ है। उसने हल्की सी मिट्टी हटाकर देखने का प्रयास किया तो उसे बड़ी अंगुली नजर आई। इसके बाद ग्रामीण ने अन्य लोगों को बताया कि बाग में कुछ गड़बड़ है, शायद किसी की लाश है। तब ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पहले फावड़े से खोदकर लाश निकलवाने का प्रयास किया। लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए अब जेसीबी मंगाकर मिट्टी की खुदाई कराकर लाश निकाली गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्रगण शिवओम, रितिक और पत्नी अनिता से उनके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य या लेनदेन के लिए मैं अथवा मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं हैं।

**-मुनेश कुमार पुत्र रघुवीर सिंह ग्राम खिवाई थाना सरूरपुर खुर्द जिला मेरठ**

# हवन पूजा के साथ विनायक में नए सत्र का शुभारंभ

**मेरठ,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को विनायक विद्यापीठ में नवीन सत्र 2023-24 का शुभारंभ हवन पूजा के साथ किया गया। प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार की उपस्थिति में हवन पूजा की गई। जिसमें स्टाफ के सभी सदस्यों और नवातुंक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक आहुति डाली और महाविद्यालय की प्रगति, शांति, समृद्धि तथा विकास के लिए प्रार्थना की। डॉ.अनुप्रिता शर्मा ने छात्र-छात्राओं को नए सत्र के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और हवन के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि इससे न केवल आगामी सत्र को सफल व सार्थक बनाने के लिए देवाशीष मिलती है, बल्कि कॉलेज के अंतर्निहित मूल्यों के बारे में भी पता चलता है। निदेशक इंजि. विकास कुमार ने भी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि हवन से वातावरण में शुद्धता आती है और मस्तिष्क में नए विचारों की उत्पत्ति होती है। हवन के दौरान संस्थान की डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा के अलावा सभी विभाग अध्यक्ष, फैकल्टी मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री सड़क योजना में गड़बड़ी पर अधिशासी अभिंयता सख्त

**मवाना/हस्तिनापुर,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निमार्णधीन कम्पनियों के लिए कमाई का जरिया बनती नजर आ रही है। योजना के तहत मां भद्रकाली मंदिर से रामराज तक गंग नहर की पटरी पर बन रही सड़क के निर्माण में अधिशासी अभियता के निरीक्षण में धांधली उजागर हुई है। जिसके बाद अधिशासी अभियंता एक्शन मोड में नजर आए और निमार्णधीन कम्पनी और जेई को दूर करने की चेतावनी दे दी। उधन ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निर्माण में मानक के अनुरूप काम नहीं होने की शिकायत की है। बता दे कि ग्राम और शहरों के बीच आवागम में होने वाली दिक्कतों के देखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मां भद्रकाली मंदिर से रामराज तक लगभग 10 करोड की लागत से 24 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। योजना के तहत सड़क निर्माण का सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के रास्ते सुगम करना है। हस्तिनापुर क्षेत्र के ग्रामीण सरदार सुखदेव सिंह, बिट्टू शर्मा, हरिओम, राधेश्याम आदि ने बताया कि सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक पूरे नहीं किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण में रोड़े की पहली परत के बाद बदरपुर की बजाय मिट्टी डाली जा रही है। इससे सड़क निर्माण के बाद धंसने की आशंका बनी रहेगी।

- **10 करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क निमार्ण में मिली खामियां**
- **ग्रामीणों की शिकायत के बाद एक्शन मोड में नजर आए एई**

### क्या कहते हैं अधिकारी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंघल का कहना है कि जेई को ठेकेदार से मानक पूरे कराने के निर्देश दिए हैं। जहां गड़बड़ी हुई है, उसे उखाड़कर दोबारा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि काम पूरी तरह मानक के अनुरूप ही कराया जाएगा।

# छवि नागर व वंश मेहता का हुआ अग्निवीर में चयन

**मेरठ,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी की छात्रा छवि नागर व छात्र वंश मेहता का अग्निवीर में चयन हुआ है। छात्रा छवि नागर का अग्निवीर एसएसआर नेवी में चयन हुआ है। छात्र वंश मेहता का अग्निवीर टैक आर्मी हेतु चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थियां को अग्निवीर में सफलता प्राप्त करने पर कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने बताया कि छात्रा छवि नागर एवं छात्र वंश महता ने कठिन परिश्रम कर अग्निवीर में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि छात्रा छवि नागर का अग्निवीर एसएसआर नेवी में चयन हुआ है। छात्र वंश मेहता का अग्निवीर टैक आर्मी हेतु चयन हुआ है।



# शिक्षा हमारे समाज के सुनहरे भविष्य की चाबी : जयानंद

**मेरठ,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के इस खास मौके पर मैं प्रोफेसर डॉ.जयानंद शोभित विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति के रूप में एक संदेश लिखने के लिए गर्वित महसूस कर रहा हूं। यह दिन हमारे समाज के शिक्षा के महत्वपूर्ण पिलरों, शिक्षकों के समर्पण और कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले सभी शिक्षकों को सलाम करने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षक दिवस हमें याद दिलाता है कि शिक्षा हमारे समाज के सुनहरे भविष्य की चाबी है।

- **शिक्षक दिवस पर शिक्षकों व शिक्षिकाओं को संदेश**
- **विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच के रिश्तों के बारे में बताया**



शिक्षक ही हमारे बच्चों को ज्ञान, समझ, और नैतिक मूल्यों का संचालन करने में मदद करते हैं, जिससे हमारे समाज में सदगुण स्थापित होते हैं। शिक्षक दिवस हमारे शिक्षकों के समर्पण और योगदान का संवाद और समर्थन करने का एक महत्वपूर्ण और सुखद अवसर है, जो हमें शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षक बनना एक उच्च और मान्यता से भरपूर कार्य होता है, जिसमें समर्पण, आदर्शता, और प्रेरणा की भावना शामिल होती है। शिक्षक विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मूल्यों और सीखों के साथ तैयार करते हैं। सरकार की नई शिक्षा नीति पर टिप्पणी करते हुए, मुझे गर्व है कि भारत सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। चंद्रयान-3 की सफलता के बारे में बात करते हुए, यह एक गर्वनक मोमेंट है जो हमारे देश की तकनीकी क्षमता को दुनिया में सिद्ध करता है।



## अंतर्विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में चौंपियन बना डीएवी

**मेरठ,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। डीएवी मेरठ के नाम 2 सितंबर को एक और प्रतियोगिता अंकित हुई। शांतिनिकेतन, मेरठ स्कूल में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। बहुत गौरव का विषय है कि अंडर 14 वर्ग में, डीएवी की छात्रा, निष्ठा त्यागी ने तथा अंडर 12 वर्ग में, अथर्व त्यागी ने विजेता की ट्रॉफी प्राप्त की। प्रतियोगिता के अंत में विशिष्ट उपलब्धि के रूप में समग्र रूप से डीएवी को ओवरऑल ट्रॉफी भी प्रदान की गई। विजेताओं को प्रधानाचार्या अपर्णा जैन तथा विभागाध्यक्ष व सुपरवाइजर डॉ. विनीत त्यागी ने शुभाशीष प्रदान किया तथा मंगल कामनाएं प्रेषित कीं।

# बदमाशों ने हथियारों के बल पर बाइक व नकदी लूटी

**मवाना,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार देर रात फिटकरी स्थित पेपर मिल में घर वापस लौट रहे कर्मचारी से अज्ञात बदमाशों ने राज राजेश्वरी आईटीआई के पास बाइक-मोबाइल और नगदी लूट ली। पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने लूट के मामले को चोरी में दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर निवासी तेजपाल पुत्र गेंदा फिटकरी पेपर में कैमिस्ट के पद पर नौकरी करता है। तेजपाल ने बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे वह मिल से घर वापस लौट रहा था। जब राज राजेश्वरी आईटीआई के पास पहुंचा तो घात लगाए पांच बदमाशों ने उसे तमंचों के बल पर रोक लिया और गोली मारने की धमकी देते हुए उससे बाइक, मोबाइल व 250 रुपए लूट लिए। बदमाश घटना को अजाम दे बदमाश मेरठ की ओर फरार हो गए। पीडित किसी तरह थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए वायरलेस पर मैसेज फ्लैश किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने पीड़ित से चोरी की घटना की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया।


- **देर रात पेपर मिल से वापस लौट रहा था पीड़ित**
- **थाने पहुंचा तो पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा**

पीड़ित तेजपाल ने बताया कि लगभग दो साल पहले भी घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही उसके साथ लूट की घटना हुई थी। लेकिन तब बदमाश ने मोबाईल और नगदी ही लूटी थी। लेकिन इस बार बदमाशों ने मोबाईल और नकदी के साथ बाइक भी लूट ली।

**समीक्षा** *आयुक्त ने वर्चुअल माध्यम से की राजस्व कार्यों की समीक्षा*

# मुआवजे को लेकर आ रही समस्याओं पर बनाई रूपरेखा

**मेरठ,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। वर्चुअल माध्यम से आयुकत सेल्वा कुमारी जे.की अध्यक्षता में डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एनएचएआई, आरआरटीएस तथा नगर निकाय के कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 119 मेरठ-नजीबाबाद खंड के चौडीकरण/सुदृढ़ीकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ए गढ़मुक्तेश्वर-मेरठ खंड के चौडीकरण/सुदृढ़ीकरण तथा जनपद बुलंदशहर में नए प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग (दिल्ली रोड को हापुड रोड से जोडने वाली परियोजना) के अंतर्गत आ रही बाधाओं पर बिन्दुवार चर्चा की गयी तथा बाधाओं को दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत दादरी तथा खेरली हफीजपुर में मुआवजे को लेकर आ रही समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया गया। आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। एनएचएआई के अंतर्गत सलारपुर-जलालपुर, मुजफ्फरनगर सैनी, इंचौली, ग्राम कौल, ग्राम भैंसा सहित अन्य जनपदो के ग्रामों में आ रही बाधाओं के संबंध में आयुक्त को अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम मुजफ्फरनगर सैनी में ग्रामीणो से संपर्क स्थापित किया गया है, एनएचएआई के कार्यों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बैठक में सिंचाई विभाग में लंबित एनओसी के बारे में आयुक्त को अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। आरआरटीएस के अधिकारी द्वारा आरआरटीएस परियोजना के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा दुहाई डिपो स्थित ट्रांसमिशन लाइन को शिफ्ट कराने तथा वन विभाग द्वारा आवास विकास को भूमि हस्तानांतरण संबंधी बिन्दु आयुक्त के समक्ष रखे गए तथा मोदीनगर में भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्याओ से आयुक्त को अवगत कराया गया जिस पर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा मेरठ मंडल के नगर निकाय के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने हैल्थ एटीएम, जोनल कार्यालय, मलिन बस्तियो के चिन्हांकन, मल्टी लेवल कार पार्किंग, सूर्य नमस्कार स्टेच्यू, स्मार्ट क्लास आदि कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंडल के जिलाधिकारियों को पोलिंग बूथ, मतगणना स्थल, पूर्व के चुनाव का लेखा-जोखा व शिकायतो आदि की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेरठ मंडल के सभी जनपदो के राजस्व प्राप्ति की बिन्दुवार समीक्षा की।



- **डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एनएचएआई, आरआरटीएस, नगर निकाय के कार्यों पर चर्चा**
- **बाधाओं को दूर करने के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# कलेक्ट्रेट में थाली बजाकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन



**मेरठ,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों महिला व पुरुष कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह पार्क में इकट्ठा हुए। पैदल मार्च करते हुए कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और गेट के सामने बैठ गए। महिला कार्यकर्ताओं ने थाली पीटकर विरोध जताया और नारेबाजी की। विपिन चौधरी ने कहा कि रोहटा थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। इसके बावजूद पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। पुलिस पीड़ित परिवार पर ही समझौते का दबाव बना रही है। इतना ही नहीं शाम के समय लोगों का निकलना दूभर हो गया है।

- **पुलिस से जमकर हुई नोकझोंक**

